खबरें छुपाता नहीं, छापता है

ईद उल अज़हा की दिली मुबारकबाद

# शाह टाइम्स

मेरठ, शनिवार 7 जून 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 7 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 10 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




### अवकाश सूचना

ईद-उल-अज़्हा के मौके पर 7 जून को दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 9 जून 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

## घर व कार ऋण होगा सस्ता@रेपो दर में कटौती

**मुंबई, वार्ता**



- दरों में लगातार तीसरी बार कटौती का ऐलान
- जून पॉलिसी में 50 BPS की कटौती की घोषणा
- रेपो रेट 6 से घटकर 5.5 फीसदी पर आया

**भारतीय रिजर्व** बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगे महंगाई में नरमी आने को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में लगातार तीसरी बार 0.50 प्रतिशत की कटौती करने का शुक्रवार को निर्णय लिया। जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और अन्य तरह के लोन सस्ते होंगे।

आरबीआई फरवरी 2025 से लेकर अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की रेपो दर में कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीके से एक फीसदी की कमी की जा रही है, जिससे तंत्र में 2.50 लाख करोड़ रुपये की तरलता बढ़ेगी। इस -शेष पृष्ठ दो पर

### सीआरआर में एक प्रतिशत की कटौती

■ बैंकिंग प्रणाली में आएंगे 2.5 लाख करोड़

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगे महंगाई में नरमी आने को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में लगातार तीसरी बार 0.50 प्रतिशत की कटौती करने का शुक्रवार को निर्णय लिया। जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और अन्य तरह के लोन सस्ते होंगे।

आरबीआई फरवरी 2025 से लेकर अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की रेपो दर में कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीके से एक फीसदी की कमी की जा रही है, जिससे तंत्र में 2.50 लाख करोड़ रुपये की तरलता बढ़ेगी।

## नीट-पीजी परीक्षा तीन अगस्त को एक ही पाली में

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने 'नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन' (एनबीई) को मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025, तीन अगस्त को एक ही पाली में आयोजित करने की शुक्रवार को अनुमति दी।

सुप्रीम कोर्ट ने संस्था की दलीलें सुनने के बाद अर्जी स्वीकारी



न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने एनबीई की याचिका पर यह आदेश पारित किया। अदालत ने इस संस्था की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की उसकी अर्जी स्वीकार कर ली। इससे पहले 30 मई को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने अदिति और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनबीई को 15 जून को पूर्व निर्धारित दो की बजाय एक ही पाली में परीक्षा आयोजित कराने का निर्देश दिया था।

### ब्रिक्स देश 'जीरो टॉलरेंस' की आतंकी नीति पर सहमत, भारत को सौंपी अध्यक्षता

**नई दिल्ली/ ब्राजीलिया।** ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति पर सहमति जताई है। ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में आयोजित 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम के वार्षिक सम्मेलन में भारत सहित 10 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। ब्रिक्स संसदीय फोरम का 12वां सम्मेलन भारत में होगा इसलिए सम्मेलन के अंतिम दिन श्री बिरला को अध्यक्षता सौंपी गई है।

### जी-7 की बैठक में भाग लेने कनाडा जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने कनाडा के कनानास्किस में होने वाली जी - 7 के शिखर सम्मेलन बैठक में भाग लेंगे। श्री मोदी ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे कार्ने ने फोन किया और उन्हें जी-7 की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मार्क जे. कार्ने का फोन आने से प्रसन्न हूं। मैंने उन्हें हाल के चुनावों में मिली विजय के लिए बधाई दी।

## पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा: हमने पाक पर कयामत बरसा दी

**श्रीनगर, वार्ता**



■ पीएम ने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का किया उद्घाटन
■ अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी भी दिखाई

**पीएम मोदी ने** शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया।

इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है, जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी। चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी। शुरुआती प्लान के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गए। यह सवा किमी से ज्यादा लंबा है और नदी से ऊंचाई 359 मीटर है। यह पेरिस के एफिल टावर (330 मीटर) से 29 मीटर ऊंचा है। लागत 1486 करोड़ रुपये हैं। पीएम मोदी ने अंजी खड्ड पर बना भारत का पहला केबल स्टे रेल ब्रिज का भी उद्घाटन किया। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है, जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है। पीएम मोदी सबसे आखिर में कटरा पहुंचे। यहां के रेलवे स्टेशन पर उन्होंने कश्मीर को जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। नार्दर्न रेलवे 7 जून से कटरा-श्रीनगर रूट पर वंदे भारत ट्रेन सर्विस शुरू कर देगी। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर टिकट बुकिंग की जा सकेगी। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी। नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं। चेयरकार का किराया 715 रुपये और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपये है। अभी ट्रेनें सिर्फ बनिहाल में रुकेंगी, अन्य स्टॉपेज पर फैसला बाद में होगा। आजादी के 77 साल बाद भी कश्मीर बर्फबारी के सीजन में देश के दूसरे हिस्सों से कट जाता है।

## मोदी ही जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य बनाएंगे: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, वार्ता**

### कहा: जो अंग्रेज नहीं कर पाए, प्रधानमंत्री ने कर दिखाया, कश्मीर बाकी देश से जुड़ा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शुक्रवार को कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों फिर से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा।

रेल प्रोजेक्ट के बारे में उन्होंने कहा कि मोदी साहब इस रेल के ख्वाब बहुत लोगों ने देखे। कश्मीर को बाकी मुल्क के साथ जोड़ने का ख्वाब अंग्रेजों ने भी देखा था, लेकिन वो पूरा नहीं कर पाए। आज जो काम अंग्रेज पूरा नहीं कर पाए, आपके हाथों पूरा हुआ। कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गया। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर में कई रेलवे परियोजनाओं में प्रधानमंत्री के साथ जुड़ने का सौभाग्य मिला है। सबसे पहले, जब अनंतनाग रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था। दूसरा, जब बनिहाल रेलवे सुरंग का उद्घाटन किया गया था। 2014 में जब कटरा रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था, तब भी यही चार लोग (पीएम मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह) यहां मौजूद थे। आप पहली बार पीएम बने थे और यहां आए थे। उस समय हमारे गवर्नर साहब रेल राज्य मंत्री हुआ करते थे। माता की कृपा से उनका प्रमोशन हुआ और मेरा डिमोशन हुआ। मैं राज्य का मुख्यमंत्री था, अब केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। लेकिन मैं मानता हूं कि ज्यादा समय नहीं लगेगा। आप (पीएम मोदी) ही के हाथों से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान उमर अब्दुल्ला ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि अगर मैं वाजपेयी साहब को इस मौके पर शुक्रिया नहीं करूं, तो यह बड़ी भूल होगी। इस प्रोजेक्ट की बुनियाद 1983-84 में उन्हीं ने रखी थी। उमर ने बताया कि मैंने पिछले दिनों मीडिया को हंसते हुए कहा था कि जब ये प्रोजेक्ट शुरू हुआ मैं 8वीं क्लास का बच्चा था। आज मेरी उम्र 55 हो चुकी है, मेरे बच्चे भी कॉलेज पास कर चुके हैं। अब जाकर ये प्रोजेक्ट पूरा हुआ। यह तब हुआ जब वाजपेयी साहब ने प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया। बजट में इसका प्रावधान दिया।



### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड कनाडा में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब के जालंधर जिले के नकोदर निवासी जीशान अख्तर उर्फ जस्सी पुरेवाल, जो बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है, को कनाडा के सरे शहर में गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह गिरफ्तारी भारतीय जांच एजेंसियों की सूचना के आधार पर हुई है या कनाडाई पुलिस ने स्वतंत्र रूप से यह कार्रवाई की है, लेकिन इतना तय है कि जीशान इस समय कनाडा पुलिस की हिरासत में है और इस गिरफ्तारी को केस में बड़ी सफलता माना जा रहा है। जीशान पर बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रचने और घटना के पीछे मुख्य भूमिका निभाने का आरोप है। भारतीय एजेंसियां लंबे समय से उसकी तलाश में थीं।




## समलैंगिक जोड़े फैमिली बना सकते हैं: हाईकोर्ट

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने दो महिलाओं को परिवार की तरह साथ रहने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि शादी परिवार बनाने का एकमात्र तरीका नहीं है, समलैंगिक जोड़े फैमिली बना सकते हैं। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस वी. लक्ष्मीनारायणन की बेंच एक महिला की रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। महिला का कहना था कि उसकी पार्टनर को परिवार वालों ने जबरन घर में कैद कर दिया है और उससे मिलने नहीं दिया जा रहा।

■ कहा: शादी परिवार बनाने का एकमात्र तरीका नहीं, महिला को पार्टनर के साथ रहने की परमिशन



कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि महिला को जबरन उसके घर ले जाया गया और पीटा गया। उसने हमें बताया कि उसके परिवार के सदस्यों ने कुछ खास रस्में करने के लिए मजबूर किया ताकि वह सामान्य हो जाए। 17 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने से मना कर दिया था। 5 जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि कोर्ट स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव नहीं कर सकता। कोर्ट सिर्फ कानून की व्याख्या कर उसे लागू करा सकता है। पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों में बदलाव की जरूरत है या नहीं, यह तय करना संसद का काम है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ इस साल 13 पुनर्विचार याचिकाएं दाखिल की गई थीं। कोर्ट ने इन याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

### मासूम के साथ हैवानियत करने वाला दरिंदा ढेर

**लखनऊ।** उप्र की राजधानी लखनऊ के आलमबाग क्षेत्र में ढाई साल की मासूम के साथ बलात्कार के आरोपी दीपक को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर एक संक्षिप्त मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस उपायुक्त मध्य आशीष श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि ऐशबाग क्षेत्र के निवासी दीपक वर्मा ने चार और पांच जून की रात एक मासूम के साथ दरिंदगी की थी जब वह अपने माता-पिता के साथ आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे सो रही थी कि आरोपी सफेद रंग की स्कूटी से आया और चुपचाप मासूम को उठाकर ले गया। उसने मेट्रो स्टेशन के पास ही दुष्कर्म किया और बालिका को लहूलुहान हालत में छोड़ कर भाग निकला था।

## जेटली को बताकर जेनेवा गया था: माल्या

**नई दिल्ली।** भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने दावा किया कि देश छोड़ने से पहले वो तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिले और उनसे कहा कि वो एक बैठक के लिए जेनेवा जा रहे हैं और वापस आएंगे। लेकिन उनका पासपोर्ट निरस्त कर दिया गया, जिसके कारण वो वापस नहीं आ पाए।



■ कहा: पासपोर्ट रद्द हुआ, तो लौट नहीं पाया, भगोड़ा नहीं हूं, निष्पक्ष जांच हो तो वापसी को तैयार

माल्या ने खुद को चोर कहे जाने पर कहा कि मुझे भगोड़ा कह रहे हैं, लेकिन मैं भागा नहीं। मैं तय कार्यक्रम के तहत विदेश गया और वापस नहीं आया, क्योंकि मेरे पास सही वजहें थीं। लेकिन मुझे चोर क्यों कहा जा रहा है? चोरी कहां हुई, वहीं, उन्होंने किंगफिशर एयरलाइंस की नाकामी पर पहली बार सार्वजनिक माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मैं किंगफिशर एयरलाइंस की विफलता के लिए सभी से माफी मांगता हूं। माल्या ने यह बयान बिजनेसमैन राज शमानी के साथ पॉडकास्ट में दिए हैं, जो कि शुक्रवार को रिलीज किया गया है। ये पॉडकास्ट 4 घंटे लंबा है। कारोबारी और पूर्व सांसद विजय माल्या किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बीच 2016 में भारत से यूके भाग गए थे। 5 जनवरी 2019 में विजय माल्या को भगोड़ा घोषित किया गया। माल्या बोले मैं देश छोड़ने से पहले तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिला था। मैंने जेटली से कहा कि मैं जेनेवा में, एफआईए वर्ल्ड काउंसिल मीटिंग के लिए जा रहा हूं, मैं वापस आऊंगा






## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल का सपना पूरा: एम वेंकैया

**नई दिल्ली।** पूर्व उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में श्री माता वैष्णो देवी कटरा और श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत रेलगाड़ी शुरू करने से कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल संपर्क सपना पूरा हो गया है। नायडू ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एक स्वागत योग्य घटनाक्रम में, पीएम नरेन्द्र मोदी ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा और श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत रेलगाड़ी शुरू की हैं, जो कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से हर मौसम में सतही संपर्क सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से और लाखों देशवासियों के लिए यह कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल संपर्क के बचपन के सपने के पूरा होने का प्रतीक है।

### ट्रेन संपर्क स्वागत योग्य : मीरवाइज

**श्रीनगर।** हुर्रियत के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के शुभारंभ का स्वागत किया, लेकिन यह केवल ट्रेन संपर्क है जबकि मानव संपर्क इससे अधिक महत्वपूर्ण है। राजधानी श्रीनगर स्थित ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में आज आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मीरवाइज ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री वाकई दिलों की दूरी को कम करना चाहते हैं, जिसका जिक्र वे अक्सर अपने भाषणों में करते हैं, तो ऐसे मानवीय कदम ही असली रास्ता हैं। ट्रेन संपर्क का स्वागत है, लेकिन मानवीय संपर्क ही वास्तव में मायने रखते हैं और टिकते हैं। मीरवाइज ने सद्भावना के तौर पर ईद-उल-अजहा पर कैदियों को रिहा करने का आह्वान किया और कहा कि जम्मू कश्मीर में हजारों परिवारों के लिए ईद का त्योहार खुशी से ज्यादा दर्द लेकर आता है

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस और सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग अभियानों के दौरान एक उग्रवादी संगठन के अध्यक्ष समेत आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि यूपीपीके (यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक) के तीन कार्यकर्ताओं (जिनमें संगठन का अध्यक्ष भी शामिल है) को इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल-पीएस के अंतर्गत घारी माखा लेइकाई इलाके से पकड़ा गया। यूपीपीके के अध्यक्ष की पहचान कोंथौजम होमेश्वर के रूप में हुई है। इस दौरान दो 45 एमएम पिस्तौल, एक एम-20 पिस्तौल, बंदूक के लाइसेंस बरामद किये गए।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में 12 लाख केस पेंडिंग

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमो का अंबार लगा है। अगर सभी 87 जज बगैर छुट्टी लिए भी सुनवाई करें, तो सभी मुक. दमों को निपटाने में 38 साल लग जाएंगे। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है जजों के खाली पड़े पद हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में 160 जजों के स्वीकृत पदों के विपरीत केवल 87 जज ही काम कर रहे हैं। अब भी 73 पद खाली पड़े हैं, जिसका परिणाम है कि अभी तक 12 लाख मुकदमे पेंडिंग पड़े हैं। ऐसे में न्याय की आस लिए आने वाले आम आदमी की उम्मीदें कोर्ट की चौखट पर दम तोड़ रही हैं। मई में कुल 37,932 केस दायर हुए थे।

# अमेठी बनेगा यूपी का पहला डिजिटल अभिलेखागार जिला

**अमेठी, वार्ता**

■ सभी रिकॉर्ड रहेंगे सुरक्षित: जिलाधिकारी

**उत्तर** प्रदेश का अमेठी जल्द ही राज्य का पहला डिजिटल रिकॉर्ड अभिलेख वाला जिला बन जाएगा जहां जिले के सभी पुराने राजस्व अभिलेखों को स्कैन कर डिजिटल स्वरूप में संरक्षित किया जा रहा है।

अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि यूपी में राजस्व अभिलेख राजस्व अभिलेखागार में ही मिलते है। जब राजस्व अभिलेख पुराने हो जाते है, तो कागज धीरे धीरे मृत प्राय: हो जाते है। ऐसे में अभिलेख मिल पाना काफी मुश्किल हो जाता है। इन तमाम समस्याओं से निजात दिलाने के लिए जिला अधिकारी अमेठी संजय चौहान ने एक यूनिक तरीका अपनाया है। इसके लिए राजस्व अभिलेखों को डिजिटल कर उन्हे संरक्षित करने की दिशा में काम अमेठी में चल रहा है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अब सभी अभिलेखों को स्कैन कर एक विशेष सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाएगा। इससे न केवल रिकॉर्ड सुरक्षित रहेंगे, बल्कि जरूरत पड़ने पर इन्हें आसानी से खोजा जा सकेगा। डीएम ने एक ऐसे सॉफ्टवेयर की मदद लेने को कहा है जिससे कि संबंधित अभिलेख परिवर्तनों के अनुसार अपडेट भी होते रहे। यूपी का अमेठी डेढ़ दशक पूर्व 72वे जिले के रूप में अस्तित्व में आया था। जिले के पास अभी तक अपना अभिलेखागार भी नहीं बन पाया है जिसके चलते प्राचीन अभिलेखों के लिए जनपद वासियों को पड़ोसी जनपद सुलतानपुर जाना पड़ता है।

# अमेरिका मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** इज़राइल और हमास के बीच तत्काल, व्यापक और स्थायी युद्ध विराम, मानवीय सहायता की तुरंत पहुंचे और गाज़ा में मूल अधिकारों की बहाली के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 में से 14 सदस्यों द्वारा गाज़ा में युद्ध-विराम और मानवी सहायता से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव के समर्थन में वोट देने के बावजूद अमेरिका के वीटो पावर प्रयोग करने के कारण सुरक्षा परिषद यह प्रस्ताव पारित करने में विफल रहा।

गाज़ा में फिलिस्तीनियों पर इज़राइल के क्रूर शासकों की लगातार बमबारी और अत्याचार के खिलाफ स्थायी युद्ध विराम के प्रस्ताव पर अमेरिका के वीटो पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अध्यक्ष जमीअत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि 14 देशों ने यह अति उत्तम प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, परन्तु अमरीका ने इसका साथ नहीं दिया। इसका



■ एक स्वतंत्र एवं संप्रभु देश की स्थापना ही फिलिस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान: अरशद मदनी

स्पष्ट अर्थ यह है कि गाज़ा की तबाही व बरबादी में अमेरिका का हाथ है और फिलिस्तीन में अरबों के नरसंहार में वह नंबर एक भागीदार है, अथवा वह यह चाहता है कि गाज़ा को मानव मुक्त करके यहां यहूदियों को बसाया जाए, लेकिन अल्लाह ने चाहा, तो ऐसा कदापि नहीं होगा। जमीअत उलमा-ए-हिंद का शुरू ही से यह मानना है कि एक स्वतंत्र और संप्रभु देश की स्थापना ही फिलिस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान है। इन अकल्पनीय और खतरनाक परिस्थितियों में अमरीका और उसके राष्ट्रपति के क्रूर इज़राइल का अनुचित समर्थन अत्यंत शर्मनाक एवं निंदनीय है। मौलाना मदनी ने गाज़ा के लड़ाकों के साहस और बहादुरी को सलाम पेश करते हुए कहा कि अमेरिका, इज़राइल और वह सभी देश जो हमास का पूर्ण उन्मूलन चाहते हैं आज भी बुरी तरह विफल हैं। इस परिदृश्य को बाकी रखने के लिए नि:संदेह गाज़ा के लगभग एक लाख शहीदों ने अपना खून दिया है। जमीअत उलमा-ए-हिंद फिलिस्तीन के स्वतंत्रता सेनानीयों को अपनी हार्दिक संवेदना का आश्वासन दिलाती है और उनकी आज़ादी की मांग का पूरा समर्थन करती है। दुआ है कि अल्लाह तआला फिलिस्तीनियों के साहस और उनकी हिम्मत को बुलंद रखते हुए उनकी मदद फरमाए, ज़ालिम ताक़तों और उनके समर्थकों को नष्ट और बर्बाद करे, आमीन।

# देश में असली जनगणना नहीं कराएगी सरकार: राहुल



**राजगीर (नालंदा)।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद राहुल गांधी ने दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा एवं अल्पसंख्यकों को सावधान करते हुए आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र की राजग सरकार देश में असली जाति जनगणना नहीं कराएगी। श्री गांधी ने शुक्रवार को यहां 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश में असली जाति जनगणना नहीं कराएगी क्योंकि जिस दिन उन्होंने ऐसा किया उसी दिन उनकी राजनीति समाप्त हो जाएगी। उन्होंने जाति जनगणना के दो मॉडलों को उल्लेख करते हुए कहा कि एक मॉडल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का और दूसरा मॉडल तेलंगाना का है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के जाति जनगणना मॉडल के तहत अधिकारी बंद कमरे में बैठकर सवाल तैयार कर रहे हैं लेकिन सवाल तैयार करने वालों में दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज का एक भी व्यक्ति शामिल नहीं है। वहीं, तेलंगाना में जाति जनगणना कराने के लिए जिन लोगों ने सवाल बनाए उनमें दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक संगठन, उनके नेता, पत्रकार और बुद्धिजीवियों को शामिल किया गया था।

## योगी ने सूरजकुंड कॉलोनी में बने कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया

# आमजन की सुविधाओं को सरकार प्रयासरत

**गोरखपुर, वार्ता**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा किसी भी सभ्य समाज के लिए उसकी जरूरत के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं और संसाधन जुटाना लोकप्रिय सरकार का दायित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुविधाओं और संसाधनों की व्यवस्था होना समस्या समाधान का भी मंच बनता है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि आज के समय में समाज के अलग-अलग तबके के लिए उनकी आय के अनुरूप बेहतरीन सुविधाएं और व्यवस्थाएं देकर उनका जीवन आसान बना सकें।

योगी शुक्रवार को सूरजकुंड कॉलोनी में बने शहर के दूसरे कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। यह कल्याण मंडपम नगर निगम की तरफ से 4-52 करोड़ रुपये की लागत से 35500 वर्गफीट क्षेत्र में बनाया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर नगर निगम प्रदेश का पहला नगर निगम है जिसने निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के मांग. लिक कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कल्याण मंडपम बनाने की पहल की। 11 से



■ अच्छी व्यवस्था को सभी को करनी होगी पहल

25 हजार रुपये में यदि मांगलिक कार्य के लिए कल्याण मंडपम जैसा स्थल मिल जाए तो समारोह काफी आसानी, अच्छे और सस्ते में हो सकता है। इसके अलावा नगर निगम की तरफ से पांच और कल्याण मंडपम निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विधायक निधि का पूरा पैसा कल्याण मंडपम के लिए दे दिया है। गोरखपुर नगर निगम जैसी संस्थाएं अन्य निकायों के लिए मानक बन सकती हैं। योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने स्मार्ट सिटी का जो विजन दिया है, उसे सेफ सिटी में भी बदलना है। हमें ऐसा शहर बनाना है जहां बेटी, व्यापारी, बच्चे, संभ्रांत समेत समाज का हर व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस कर सके, ताकि सुरक्षा में सेंध लगाने की हिम्मत करने वाले जान लें कि उन्हें इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ेगी। सीएम ने नागरिकों को स्वच्छता और और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी अच्छी व्यवस्था के लिए पहल करनी पड़ती है और यह सामूहिक जिम्मेदारी होती है। इस अवसर पर सीएम ने पार्षदों से अपील की कि वे अपने वार्डों में मोहल्ला समितियां गठित कराएं। सफाई की निगरानी इस समिति के जिम्मे हो और साथ ही समितियों को पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण से भी जोघ जाए। जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक बारिश, असमय बारिश और सूखा पड़ने के संकट की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे संकट पूरे क्षेत्र को चपेट में लेते हैं। मानव जनित समस्या के समाधान का मार्ग भी मानव को ही बनाना होगा। सीएम योगी ने कहा कि क्लाइमेट चेंज की भयावह स्थितियों से बचने के लिए प्रकृति की शरण में जाना होगा। उन्होंने पर्यावरण की समस्या के समाधान के पीएम मोदी के आह्वान के अनुरूप एक पेड़ मां के नाम लगाने, नदियों के कैचमेंट एरिया में दोनों तरफ पौधरोपण करने का अनुरोध किया। आज गोड़धोइया को पुनर्जीवित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के दोनों तरफ पौधे लगाकर हम प्रकृति और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर सकते हैं। इस वर्ष 35 करोड़ पौधरोपण के लिए 50 करोड़ नर्सरी तैयार है। सीएम ने घोषणा की कि 75 बेडेड वर्किंग वूमेन हॉस्टल अहिल्याबाई के नाम पर होगा।

## यूपी में 3235 नए लंबे व छोटे पुलों का होगा निर्माण, गांव तक बढ़ेगी कन्टेविटी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यूपी की सड़कों और पुलों को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों, कस्बों और गांवों में यातायात को बेहतर बनाने के लिए 3,235 नए लंबे और छोटे पुलों के निर्माण और मरम्मत की योजना बनाई है, जिसके लिए लगभग 28,346 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग ने इस योजना को साल 2025-26 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा है कि प्रदेश के किसी भी हिस्से में लोगों को आने-जाने में दिक्कत न हो। खासकर गांवों में जहां सड़कें और पुल टूटी हुई हालत में हैं, वहां फौरन काम शुरू किया जाए। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि 60 मीटर से ज्यादा लंबाई वाले पुलों का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड करेगा। वहीं, 6 मीटर से 60 मीटर तक की लंबाई वाले छोटे पुलों का जिम्मा लोक निर्माण विभाग ने अपने हाथों में लिया है। इस योजना में नाबार्ड, राज्य योजना (ग्रामीण) और राज्य योजना (शहरी) जैसी तीन प्रमुख योजनाएं शामिल की गई हैं। इनके जरिए न केवल नए पुल बनाए जाएंगे, बल्कि पुराने और कमजोर पुलों की मरम्मत और चौड़ीकरण का भी काम होगा। उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में पुराने पुल बरसात में बह जाते हैं या टूट जाते हैं। इस वजह से लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। अब सरकार ने ऐसे पुलों को स्थायी रूप से मजबूत बनाने का फैसला लिया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों की दिक्कतों को देखते हुए उन इलाकों में भी नए पुल बनाए जाएंगे, ताकि गांवों और शहरों का संपर्क हर मौसम में बना रहे। खास बात यह है कि जिन इलाकों में लोग अस्थायी पुल बना लेते हैं, वहां अब पक्के और मजबूत पुल बनाए जाएंगे। इससे किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को फायदा होगा।

# कोरोना मामलों की संख्या 5 हजार के पार

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ पिछले चौबीस घंटे में चार और मरीजों की मौत मृतक संख्या 55 हुई

**देशभर** में कोराना संक्रमण के 464 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ कुल सक्रिय मामलों की संख्या शुक्रवार सुबह बढ़कर 5364 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55 पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 5364 पहुंच गई। अभी तक 4724 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 55 लोगों की मौत हुयी है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1266 मामले सामने आये हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश के नौ राज्यों में कोरोना सक्रिय मामलों सबसे अधिक है। जिनमें से केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस अवधि के दौरान चार और मरीजों की जान चली गई। पिछले 24 घंटे में कोरोना के संक्रमण केरल में दो और कर्नाटक और पंजाब में एक-एक मरीज की मौत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं। लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने और मास्क का इस्तेमाल करने को कहा गया है। स्थानीय प्रशासन को सभी तरह की स्वास्थ्य सेवा की तैयारी करने के निर्देश दिए गए। देश में कुल सक्रिय मामलों में सबसे अधिक 1679 केरल के हैं और दिल्ली में 592 दर्ज किये गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596, महाराष्ट्र में 548, कर्नाटक में 451, तमिलनाडु में 221, उत्तर प्रदेश में 205, राजस्थान में 107, हरियाणा में 78, आंध्र प्रदेश में 62, पुढुचेरी और सिक्किम में 12-12, मध्य प्रदेश में 36, झारखंड में आठ, छत्तीसगढ में 24, बिहार में 37, ओडिशा में 23, जम्मू-कश्मीर में सात, पंजाब में 21, असम में 10, गोवा में आठ, सिक्किम में 12, तेलंगाना में पांच, उत्तराखंड में तीन, चंड़ीगढ़ में दो और हिमाचल प्रदेश एक सक्रिय मामले हैं। मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश में कोरोना संक्रमण को कोई मामला सामने नहीं आया है।

## अर्थ व्यापार

# रेपो दर में कटौती से बाजार ने भरी उड़ान

**मुंबई, वार्ता**

**भारतीय** रिजर्व बैंक के रेपो दर में अप्रत्याशित आधे प्रतिशत की कटौती करने से दर के प्रति संवे. दनशील रियल्टी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और ऑटो समेत 19 समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 746.95 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ आठ कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,188.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25003.



05 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.91 प्रतिशत मजबूत होकर 46,096.51 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 53,440.26 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4156 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2278 में लिवाली जबकि 1744 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2993 कंपनियों के शेयरों में से 1673 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिये गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। इससे बीएसई के 19 समूहों में जमकर लिवाली हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स आठ प्रतिशत फिसलकर 81,434.24 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,140.11 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 82,299.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 691.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट आने से 30 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.2 अरब डॉलर लुढ़ककर 691.5 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़े के अनुसार, 30 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.95 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 584.2 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 72.3 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 84.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसो के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस पर पड़े रहे

विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा पांच रिगिट बढ़कर 3909 रिगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-50 सेंट की तेजी के साथ 47-15 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।

इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500 -7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज: गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

खाद्य तेल : सरसों तेल 16484 रुपये, मूंगफली तेल 17912 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 14138 रुपये, पाम ऑयल 14286 रुपये और वनस्पति तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**घर व कार..** कटौती के बाद सीआरआर चार प्रतिशत से कम होकर तीन प्रतिशत रह जाएगी। मल्होत्रा ने कहा कि फरवरी 2025 से लगातार नीतिगत रेपो दर में 100 आधार अंकों की कटौती करने के बाद, मौद्रिक नीति समिति ने भी महसूस किया कि वर्तमान परिस्थितियों में, मौद्रिक नीति के पास अब विकास को समर्थन देने के लिए बहुत सीमित गुंजाइश बची है, इसलिए, समिति ने भी रुख को उदार से बदलकर तटस्थ करने का फैसला किया। अब से, समिति आने वाले आंकड़ों और उभरते परिदृश्य का सावधानीपूर्वक आकलन करेगी, ताकि सही विकास, मुद्रास्फीति संतुलन बनाने के लिए मौद्रिक नीति के भविष्य की दिशा तय की जा सके। उन्होंने कहा कि अप्रैल में एमपीसी की बैठक के बाद से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बारे में अनिश्चितता कुछ हद तक कम हुई है, क्योंकि अस्थायी टैरिफ राहत और व्यापार वार्ता के बारे में आशावाद है। हालांकि, यह भावनाओं को कमजोर करने और वैश्विक विकास की संभावनाओं को कम करने के लिए ऊंचा बना हुआ है। तदनुसार, बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा वैश्विक विकास और व्यापार अनुमानों को नीचे की ओर संशोधित किया गया है। हाल की अवधि में बाजार में उतार-चढ़ाव कम हुआ है, इक्विटी बाजारों में सुधार हुआ है, डॉलर इंडेक्स और कच्चे तेल में नरमी आई है, हालांकि सोने की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। गवर्नर ने कहा कि आर्थिक गतिविधि 2025-26 में गति बनाए रखना जारी रखती है, जिसे निजी खपत और निश्चित पूंजी निर्माण में वृद्धि का समर्थन प्राप्त है। निरंतर ग्रामीण आर्थिक गतिविधि ग्रामीण मांग के लिए अच्छा संकेत है, जबकि सेवा क्षेत्र में निरंतर विस्तार से शहरी मांग में पुनरुद्धार का समर्थन मिलने की उम्मीद है। उच्च क्षमता उपयोग, वित्तीय और गैर-वित्तीय कॉरपोरेट्स की बैलेंस शीट में सुधार और सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के मद्देनजर निवेश गति. विधि में सुधार की उम्मीद है। व्यापार नीति अनिश्चितता माल निर्यात की संभावनाओं पर भारी पड़ रही है, जबकि ब्रिटेन के साथ एफटीए का समापन और अन्य देशों के साथ प्रगति व्यापार गति. विधि का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति पक्ष पर, सामान्य से बेहतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के पूर्वानुमान और लचीली संबद्ध गतिविधियों के कारण कृषि की संभावनाएं उज्ज्वल बनी हुई हैं।

सेवा क्षेत्र से अपनी गति बनाए रखने की उम्मीद है। हालांकि, लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार तथा मौसम संबंधी अनिश्चितताओं से उत्पन्न होने वाले प्रभाव विकास के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा करते हैं। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें पहली तिमाही 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 6-6 प्रतिशत और चौथी तिमाही 6-3 प्रतिशत होगी। श्री मल्होत्रा ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित प्रमुख मुद्रास्फीति ने मार्च और अप्रैल में अपनी गिरावट जारी रखी, जिसमें हेडलाइन सीपीआई मुद्रास्फीति अप्रैल 2025 में लगभग छह साल के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) पर आ गई। इसका मुख्य कारण खाद्य मुद्रास्फीति थी, जिसमें लगातार छठी मासिक गिरावट दर्ज की गई। ईंधन समूह ने अपस्फीति की स्थिति में उलटफेर देखा और मार्च और अप्रैल के दौरान सकारात्मक मुद्रास्फीति प्रिंट दर्ज किए, जो आंशिक रूप से एलपीजी की कीमतों में वृद्धि को दर्शाता है। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद मार्च-अप्रैल के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति काफी हद तक स्थिर और नियंत्रित रही। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण प्रमुख घटकों में नरमी की ओर इशारा करता है। रबी फसल के मौसम में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन और प्रमुख दालों के अधिक उत्पादन से प्रमुख खाद्य वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। सामान्य से अधिक मानसून की संभावना और इसकी जल्दी शुरुआत खरीफ फसल की संभावनाओं के लिए शुभ संकेत है। इसे देखते हुए, मुद्रास्फीति की उम्मीदें नरमी का रुख दिखा रही हैं, खासकर ग्रामीण परिवारों के लिए। अधिकांश अनुमान कच्चे तेल सहित प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में निरंतर नरमी की ओर इशारा करते हैं। इन अनुकूल पूर्वानुमानों के बावजूद, हमें मौसम संबंधी अनिश्चितताओं और वैश्विक कमोडिटी कीमतों पर उनके प्रभाव के साथ अभी भी विकसित हो रहे टैरिफ संबंधी चिंताओं पर सतर्क रहने की जरूरत है। सामान्य मानसून को मानते हुए और विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अब 3.7 प्रतिशत अनुमानित है, जिसमें पहली तिमाही 2.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 3.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 3.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही 4.4 प्रतिशत रहने की संभावना है।

# रेपो दर में कटौती से आर्थिक गति को मिलेगा बल: फिक्की

**नई दिल्ली। उद्योग** जगत ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के रेपो दर में 0-50 प्रतिशत की अप्रत्याशित कटौती के फैसले को साहसिक कदम बताया और कहा कि इससे आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने आरबीआई के निर्णय का स्वागत किया और इसे साहसिक और सक्रिय कदम करार देते हुए कहा कि यह बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि आरबीआई आर्थिक वृद्धि को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापार अनिश्चितताओं, वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों और वित्तीय बाजार में अस्थिरता जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि यह समय पर लिया गया कदम घरेलू मांग को मजबूत करेगा, ऋण उठाव को प्रोत्साहित करेगा और समग्र आर्थिक गति. विधियों को गति प्रदान करेगा। उन्होंने आरबीआई के 6.5 प्रतिशत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर के अनुमान और सौम्य मुद्रास्फीति दृष्टिकोण को भी भारतीय अर्थव्यवस्था की लचीलापन का प्रमाण बताया। फिक्की अध्यक्ष ने यह भी कहा कि आरबीआई ने मुद्रास्फीति पर नियंत्रण और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन साधने में सफल रही है, जो मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नीति निर्णय वित्तीय प्रणाली में सहजता बढ़ाएगा और सभी क्षेत्रों विशेषकर एमएसएमई को राहत देगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भगदड़ मामले में बढ़ेगी आरसीबी की मुश्किल

● विजय यात्रा के लिए फैंस को दिया न्योता, न्योते में फ्री पास का भी जिक्र

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस.ीबी) की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फ्रेंचाइजी का एक सोशल मीडिया पोस्ट उनके लिए मुसीबत बन सकता है, जिसमें आरसीबी ने प्रशंसकों को विजय यात्रा के लिए न्योता दिया था और फ्री पास का भी जिक्र किया था। आरसीबी के खिलाफ पहले ही कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इसमें डीएनए (इवेंट मैनेजमेंट कंपनी) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की प्रशासनिक समिति और अन्य के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई गई है। बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की आईपीएल 2025 की खिताबी जीत का जश्न उस वक्त मातम में बदल गया जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर पहुंचे प्रशंसकों के बीच भगदड़ मच गई। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। अब सोशल मीडिया पर आरसीबी का वह पोस्ट चर्चा का विषय बन गया है जिसमें फ्रेंचाइजी की तरफ से प्रशंसकों को विजय यात्रा में शामिल होने के लिए न्योता दिया गया था। चार जून यानी बुधवार को आरसीबी ने 'एक्स' पर विक्ट्री परेड या विजय यात्रा के आयोजन का एलान किया था। इस पोस्ट में लिखा है कि आरसीबी विजय परेड, आज शाम 5 बजे। विजय परेड के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में जश्न मनाया जाएगा। हम सभी प्रशंसकों से अनुरोध करते हैं कि वे पुलिस और अन्य अधिका.




## संक्षिप्त खेल समाचार

### नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग में लेंगे भाग

**नई दिल्ली, वार्ता।** मौजूदा भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा 20 जून को स्टेड सेबेस्टियन-चार्लीटी में होने वाली पेरिस डायमंड लीग 2025 में भाग लेंगे। नीरज आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी करेंगे। वर्ष 2017 में वह इस स्पर्धा में 84-67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जोहान्स वेटर ने 88-74 मीटर का थ्रो कर इस स्पर्धा को जीता था। नीरज के 2024 संस्करण में भाग लेने की उम्मीद थी, लेकिन पेरिस ओलंपिक की तैयारी के मद्देनजर वह इस स्पर्धा में भाग नहीं ले सके। मई में दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा ने 90-23 मीटर दूर भाला फेंक कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोडा था। नीरज का सबसे हालिया प्रदर्शन 23 मई को पोलैंड के चोरजो में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में हुआ था। नीरज ने टोक्यो 2020 ओलंपिक चैंपियन में दूसरे स्थान पर रहने के लिए अपने अंतिम प्रयास में 84-14 मीटर भाला फेंक कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच आमंत्रण स्पर्धा जीतकर अपने 2025 एथलेटिक्स सत्र की शुरुआत की थी। उन्होंने 84-52 मीटर थ्रो किया था। वह 24 जून को चेकिया में होने वाली गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स स्पर्धा की प्रवेश सूची में भी शामिल हैं और पांच जुलाई को बेंगलुरु में उद्घाटन में नीरज क्लासिक में मुख्य भूमिका निभाएंगे। डायमंड लीग सीरीज के अंत में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले शीर्ष भाला फेंक एथलीट 27-28 अगस्त को ज्यूरिख में होने वाले 2025 डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे।

### यू मुंबा और जयपुर गोवा व कोलकाता के बीच होगी सेमीफाइनल की जंग

**अहमदाबाद, वार्ता।** ड्रीम यूटीटी जूनियर्स के पहले सत्र के नॉकआउट चरण सेमीफाइनल में यू मुंबा और जयपुर पैट्रियट्स, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और कोलक.ाता थंडरब्लेड्स फाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी। अहमदाबाद के ईकेए एरिना में रविवार को दोनों सेमीफाइनल मैच खेलें जायेंगे। लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली यू मुंबा और जयपुर पैट्रियट्स, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और कोलकाता थंडरब्लेड्स ने ड्री यूटीटी जूनियर्स के सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।

यू मुंबा टीटी के प्रतीक तुलसानी और अनन्या मुरलीधर ने लीग चरण में 29 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। चौथे स्थान पर रहने वाली जयपुर पैट्रियट्स का सामना यू मुंबा से होगा। जयपुर पैट्रियट्स के त्रिशाल सुरपुरेढी और श्रेया धर ने 25 अंकों के साथ अपना सेमीफाइनल स्थान सुरक्षित किया। दूसरे सेमीफाइनल में डेम्पो गोवा चैलेंजर्स के साहिल रावत और आर्या रेडकर, जो 28 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, तीसरे स्थान पर रहने वाली कोल.काता थंडरब्लेड्स से भिड़ेंगे। ऋत्विक गुप्ता और स्वरा करमारकर ने थंडरब्लेड्स के लिए 26 अंक अर्जित किए।




























# सार्वजनिक भूमि पर चारदीवार से रोजी रोटी का संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला महादेव में सार्वजनिक भूमि पर होने वाली बाउंड्री वॉल (चारदिवारी) के विरोध में रेडी पट्टी संचालको ने नगर पालिका पर प्रदर्शन कर पालिक. ाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया। रेहड़ी पट्टी संचालको ने कहा सार्वजनिक भूमि पर चारदीवारी होने से उनकी रोजी रोटी पर संकट आ जायेगा। उन्होंने चारदीवारी का विरोध करते हुए मांग की है कि सार्वजनिक भूमि पर किसी तरह की कोई चारदीवारी न हो।

शुक्रवार को नगर के मोहल्ला महादेव में सार्वजनिक भूमि पर रेडी पट्टी खोखा लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले लोग नगर पालिका कार्यालय पर एकत्र हुए। यहां सार्वजनिक भूमि पर होने वाली चार दिवारी का विरोध करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह की चारदिवारी नहीं करने की मांग की। उनका कहना था कि मोहल्ला महादेव में शहर से ग्राम कमालपुर को जाने वाले रास्ते के किनारे और सार्वजनिक भूमि पर वह खोकर फल और ठेले लगाकर अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। सार्वजनिक भूमि पर किसी भी सरकारी विभाग द्वारा चारदीवारी की जाएगी जिससे उनकी रोजी-रोटी छीन सकती हैं। ऐसे में परिवार के पालन पोषण का भी संकट गहरा जाएगा। रेडी पट्टी संचालकों ने ज्ञापन देकर मांग की है कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह की कोई चारदिवारी ना हो। वही नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने भी रेडी पट्टी संचालकों को आश्वासन दिया है कि उनकी बात को उच्चाधिकाररियो और शाशन तक पहुंचाया जाएगा। नगर पालिका से भी इस संबंध में कोई एनओसी नहीं ली गई है। प्रदर्शन करने वालो में शीशपाल, महिपाल, नरेश सैनी, अशोक, रवि कुमार, सोनू कुमार, आमोद कुमार, लोकेश, बाबूराम, अंकित, ओमप्रकाश, धर्मवीर, कृपाल, सुरेश सैनी, अमीचंद, रविन्द्र त्यागी, चंद्रपाल, तरुण सैनी, महेंद्र, नारायण सिंह, प्रदीप, अजय कुमार, मनोज, दीपक, रूपचंद, समर्थ बंसल, रिशु गुप्ता, निशु, महिपाल, चंद्रप्रकाश, रामेन्द्र, जोगेंद्र, सोनू, धर्मवीर, प्रियांशु, बाबू खा आदि मौजूद रहे।

**प्रदर्शन कर चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन**



# दबंगों ने दो किसानों को पीटकर किया घायल

## रास्ते में बैठकर शराब पीने से मना करने पर भड़के

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रास्ते में बैठकर शराब पी रहे युवकों ने टोकने पर दो किसानों पर हमला कर दिया। तमंचे की बट से सिर पर किए गए वार में भाजपा नेता गंभीर घायल हो गए। मामले में एक नामजद हमलाकर समेत तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर की है। यहां किसान संदीप चौधरी का परिवार रहता है। 5 जून की रात करीब साढ़े नौ बजे वह गांव में रहने वाले अवदेश के साथ खेत में चल रहा पानी देखकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में चकरोड पर रजबपुर का रहने वाला अजीम अपने तीन साथियों के साथ शराब पी रहा था। दो बाइक भी सड़क के बीच में खड़ी थीं। संदीप चौधरी ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद तमंचे की बट से सिर पर वार कर दिया। हमले में संदीप चौधरी और अवदेश गंभीर घायल हो गए। इतना ही भागते समय आरोपियों ने तमंचा तानते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी अजीम समेत उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच कर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# पेड़ धरती पर प्राण वायु के वाहक, इनका संरक्षण करें

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**हसनपुर।** भारत विकास परिषद हसनपुर द्वारा विद्या मंदिर हसनपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने नीम, पीपल, कदम्ब, शमी, बड़ रुद्राक्ष आदि के 25 वृक्ष लगाए। वृक्षों का महत्व बताते हुए परिषद के प्रांतीय सह समन्वयक आदेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष हमारा जीवन है। वृक्षों से ही हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है, उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि, धीरे-धीरे पृथ्वी से वृक्ष खत्म होते जा रहे हैं, यदि हमारे द्वारा वृक्ष नहीं लगाए गए तो हमारी आने वाली पीढ़ी को इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। परिषद शाखा हसनपुर के




अध्यक्ष संजय गर्ग ने कहा कि पेड़ पौधे हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं। यदि हमने पेड़ पौधों का संरक्षण नहीं किया तो आने वाले समय में हमें ऑक्सीजन की भारी समस्या हो जाएगी। कार्यक्रम को महामंत्री सचिन कसाना, कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल समेत दिनेश अग्रवाल, रविंद्र जिंदल, दीपक राजपूत ने संबोधित किया। इस अवसर पर स्कूल का स्टॉफ मौजूद रहा।

# दहेज उत्पीड़न में नामजद आरोपी अरैस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शादी के बाद दहेज में दो लाख रूपये नकद व कार की मांग पूरी न करने पर विवाहिता के साथ मान. सिक व शारिरिक उत्पीड़न करने के आरोप में पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार करके चालान किया, जबकि ससुराल पक्ष के अन्य नामजदों की तलाश के लिये पुलिस जुटी हुई है। बता दें कि 03.04.2025 को शाजमा पुत्री शाहिद नि0 ग्राम हासमपुर पखरौला थाना गजरौला ने पति साहिल पुत्र इशरत उर्फ इमरान, सानिया पुत्री इशरत(ननद), जीशान पुत्र इमरान (देवर) इशरत उर्फ इमरान पुत्र नामालूम, शबाना पत्नी इशरत (सास) निवासीगण ग्राम सिहाली गोसाई थाना गजरौला जनपद अमरोहा व हाल निवासी निवासीगण मोहल्ला छेबरा थाना अमरोहा नगर व एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध दहेज में दो लाख रूपये, स्विफ्ट कार की मांग पूरी न होने पर मानसिक उत्पीड़न के साथ साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने आदि के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कराया था। शुक्रवार को पुलिस ने उच्चाधिकारियों व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान के मार्गदर्शन देवर जीशान को गिरफ्तार करके चालान किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक बृजेश कुमार, वरिष्ठ आरक्षी शेखर मलिक व महिला कांस्टेबल सोनम शामिल रहे।

**दो लाख रुपये व कार की मांग का है आरोप**



## एक नजर

### गन्ना का भुगतान शीघ्र करें मिल



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन खालसा की एक बैठक में मोसिना बेगम को नगराध्यक्ष महिला मोर्चा गजरौला मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। नगराध्यक्ष ने कहा कि वे महिलाओं पर होने वाले उत्पीड़न के विरूद्ध आवाज बुलंद करेंगी। संगठन को मजबूत करेंगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारा संगठन किसानों के अधिकारों से जुड़े मुद्दे उठाने के साथ साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति भी काम कर रहा है। इस मौके पर सत्तार, एलिसान, शमशाद मलिक, इब्राना बेगम, सबीना, शबाना, सलमा, अनम, सोफिया, सोनी, खेरुनिसा, आदि मौजूद रहे।

### ईदुल अजहा पर सफाई व्यवस्था की मांग



### मुस्लिम कमेटी ने चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुस्लिम कमेटी पदाधिकारियों ने शुक्रवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) के मद्देनजर नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद किए जाने की मांग की।

पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष को अवगत कराया ७ जून को ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाया गया। कुर्बानी 7, 8 और 9 जून तक होगी। ७ जून को शहर की ईदगाह व अन्य मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। लिहाजा, नमाज से पूर्व ईदगाह व मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई कराई जाए। पेयजल व प्रकाश की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। पशुओं के अवशेष उठाने की उचित व्यवस्था कराने संग सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित कराने के लिए कंट्रोल रूम बनाने की भी मांग की। पालिकाध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि गत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष बकरीद को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये बेहतर इंतजाम किये जायेंगे। इस मौके पर हाजी खुरशीद अनवर, हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, मंसूर अहमद एडवोकेट, मौहम्मद हुसैन एडवोकेट, सैयद अली इमाम रिजवी एडवोकेट, कमर नकवी, कघसिम खान, फहीम शाहनवाज, मौहम्मद यासिर अंसारी एडवोकेट, शाहरुख खघन एडवोकेट, सैयद इकराम हुसैन जैदी, जफर शाह खघन, अफसार बख्श, सरकार आलम, आलम खां आदि मौजूद रहे

# सद्गुरू की कृपा से होता है परमात्मा से मिलन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महामण्डलेश्वर स्वामी श्री श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हो रहे चतुर्थ श्री शिव शक्ति महायज्ञ चतुर्वेद पारायण एवं श्री राम कथा में कथावाचक काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू रामानंदाचार्य डॉ0 रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने प्रवचन सुनाते हुए कहा कि हमें अच्छी बातों का अनुसरण करना चाहिए। संतो व ज्ञानियों के सानिध्य में बैठने से हमें ईश्वर भक्ति के साथ साथ सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। कहा कि काम, क्रोध, लोभ व ईर्ष्या से दूर होकर ही भक्ति की राह पर चला जा सकता है, क्योंकि भक्ति की राह पर चलना धैर्य और विश्वास का काम है। कहा कि जीवन में सद्गुरू का विशेष महत्तव है, जब तक जीवात्मा और परमात्मा के मध्य सद्गुरू नहीं आएगा तब तक हमारा परमात्मा से मिलन संभव नहीं है, इसलिए साधु, संत व सद्गुरू के सानिध्य में रहें। उन्होंने रामायण से जुड़े अनेकों प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर मुख्य यजमान पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल, संयोजक चौ. वेदपाल सिंह, सहसंयोजक सतेन्द्र सिंह भोला, देवेन्द्र सिंह, प्रदीप वर्मा, प्रमोद अलूना, कमलजीत कौर, उधम सिंह आदि मौजूद रहे।



**ईर्ष्या, लोभ, क्रोध से दूर होकर ही हो सकती है भक्ति**



# आहट होने पर सामान छोड़कर भागे चोर

## चोरों के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ट्रैक्टर ट्राली में घर का सामान भर रहे अज्ञात चोर जाग होने पर फरार हो गये। पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर के मझरा मिलक निवासी गंगादेई पत्नी नौरंग सिंह के घर पर बीती रात चोर घुस आये। घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर ट्राली में सामान को भरने लगे। आहट सुनकर महिला की आंख खुल गई। शोर मचाया तो लोग जमा हो गये तथा चोरों को पकड़ने के लिए घेरा बंदी कर ली। लेकिन चोर सामान को वहीं छोड़कर वहां से फरार हो गये। ग्रामीणों ने पीछा किया लेकिन वह जंगल में गायब हो गये। अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है। गंगादेई का कहना है कि वह विधवा है तथा 8 अप्रैल को अज्ञात चोर उसके घर में बंधी भैंस को खोलकर ले गये थे। जिसका आज तक कहीं सुराग नहीं लग पाया है। महिला का सनसनी खेज आरोप है कि रात को जो लोग अवैध रूप से खनन करते हैं वही ट्रैक्टर ट्राली में घरों में चोरी कर सामान को ले जाते है। महिला ने पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# शिक्षकों ने बीआईओ को दी विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी से शिक्षकों ने समस्याओं के समाधान की मांग की। शुक्रवार को नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी भारत भूषण त्यागी ने कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान शिक्षकों ने उनसे मुलाकात कर समस्याओं के समाधान की मांग की। श्री त्यागी ने भरोसा दिलाया कि उनकी जो भी जायज समस्याएं हैं उनका समाधान किया जायेगा। जबकि पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद को इस दौरान विदाई भी दी गयी। इस मौके पर सतेन्द्र सिंह, हेमेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र कुमार, अनीस अहमद, जयदीप सिंह, मुरसल हुसैन, नाजिर अली, मतीन अहमद, जमशेद, शरीफ, तेजपाल सिंह, हरिराज सिंह, अमरजीत सिंह, डा. नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# सड़क पर भरे पानी को साफ कराया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर के बाशिंदों ने सड़क पर नालियों का गंदा पानी खड़ा होने के विरोध में पालिका के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को ऑल इंडिया मजलिस मुस्लिमीन के कार्यकर्ताओं ने नगर के मोहल्ला लालबाग रेतिया संभल रोड पर पालिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि कई दिनों से लगातार नालियों का गंदा पानी निकल कर सड़क पर खड़ा है। रेतिया वाली मस्जिद में जाने वाले नमाजियो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनके कपड़े खराब हो रहे हैं। राहगीरो को भी वहां से निकलने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी भी होनी है। पानी की निकासी न हुई तो गंदगी फैलेगी जिसके कारण संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा उत्पन्न हो जायेगा। उन्होंने सफाई करवाये जाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में बाबा फरीद, मारूफ अंसारी, आसिफ अंसारी एडवोकेट, जुनैद कबीर, गुड्डू जफर, राशिद, इमरान सैफी, सादिक कादरी, कुर्बान सैफी, रिजवान सैफी, फुरकान सैफी, मोहम्मद आसिफ आदि मौजूद थे।



# जाइर हुसैन की खिदमात को सराहा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले सैय्यद जाइर हुसैन जैदी की 15वीं बरसी पर मोहल्ला सराय कोहना स्थित जैदी हाउस में यादें जाइर शीर्षक से वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने नातिया कलाम पेश किय। शोधकर्ताओं और वक्ताओं ने सैय्यद जाइर हुसैन जैदी की शैक्षिक और सामाजिक सेवाओं पर चर्चा की। इसी दौरान डा.मिस्बाह अहमद सिद्दीकी की नई किताब शाहनामा फिरदौसी का भी लोकार्पण किया गया।

रोजा अब्बास अली के सज्जादानशीन हजरत हाफिज अहमद हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित इस आध्यात्मिक समारोह में कुरान पाक की तिलावत के बाद नात पाक का सिलसिला शुरू हुआ। शायर जुबैर इब्ने सैफी, मौलाना साद अमरोहवी, हबीब अहमद सिद्दीकी, इस्लाम आलमी एडवोकेट, डा.रजा फराज आदि ने कलाम पेश किया। कारवाने खुलूस की ओर से वक्ताओं में प्रोफेसर नाशिर नकवी, डा.महताब अमरोहवी, हाजी खुर्शीद अनवर, डा.मिस्बाह अहमद सिद्दीकी, अधिवक्ता मंसूर अहमद सिद्दीकी ने सैय्यद जाइर हुसैन जैदी की सामा. जिक सेवाओं पर प्रकाश डाला और शिक्षा के प्रसार को लेकर उनके कार्यों की सराहना की।

## नमाज अदा करने जा रहे युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार निवासी अरमान पुत्र अनवर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि दोपहर करीब 1.30 बजे में मस्जिद में से नमाज अदा करके निकल रहा था तथा गांव निवासी दंबगों ने मुझे हाथो में लाठी-डन्डों व लोहे की राड लेकर अपने ही घर के सामने रोककर मारा पीटा है और मेरी नाक पर ईंट मारकर चोटिल कर दिया और मेरे शरीर में काफी गुम एवं खुली चोटे आई है। में उपरोक्त मुल्जिमान झगडाले किस्म के व्यक्ति है आए दिन किसी ना किसी से झगडा करते रहते हैं। पीड़ित ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है इस मामले में थाना अध्यक्ष कुमरेश त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ईदगाह पर सात बजे होगी नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** ईदुल अजहा की नमाज ईदगाह पर सुबह सात बजे अदा की जायेगी। शहर इमाम ने लोगों से समय से पूर्व ईदगाह पहुं. चने की अपील की तथा सड़कों पर नमाज अदा न करने का आह्वान किया

# दहेज न मिलने पर विवाहिता का उत्पीड़न

## पति समेत सात ससुरालियों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ससुराल वालों ने विवा. हता को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। विरोध करने पर मारपीट की। विवाहिता की शिकायत पर पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अमरोहा नगर के मोहल्ला मोती नगर में महेंद्र सिंह का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी प्रिया उर्फ शनि की शादी बुलंदशहर जनपद के मदनपुर गांव निवासी सिंधु के साथ की थी। उसी दिन उसकी बहन हनी की शादी की सिंधु के भाई प्रशांत के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसकी बहन हनी का भी व्यवहार बदल गया। प्रिया की बहन हनी, सास प्रकाशो देवी, जेठ प्रशांत, पति सिंधु दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। प्रिया की ननद नीलम, सोनम और मीनू भी ससुराल में आकर परिजनों को भड़काती थी। विरोध करने पर मारपीट करते थे। दहेज में 10 लाख रुपये की मांग करते हैं। कई बार दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ लेकिन ससुराल वालों का रवैया नहीं सुधरा। 6 अक्तूबर 2021 को ससुराल वालों ने प्रिया के साथ मारपीट करके घर से निकाल दिया। तभी से वह अपने मायके में पिता के घर रहती है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में हनी, प्रकाशो देवी, प्रशांत, सिंधु, मीनू, सोनू और नेहा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# हादसों को दावत दे रहा विद्युत पोल, प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव दढ़ियाल में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। बिजली का खम्भा जमीन में गड़ा हुआ है। और यह जमीन के बराबर से टुटा हुआ है। किसी समय भी गिर सकता है और कोई बड़ा हादसा हो सकता है। किसी की भी जान ले सकता है। जानक. ारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि अनेक बार शिकायत की जा चुकी है। लेकिन बिजली विभाग के द्वारा कोई भी सुनवाई अभी तक नहीं हुई है।ग्रामीण श्यौराज ने बताया कि यह विद्युत पोल लगभग 15 दिनों से टुटा हुआ है। कई बार रहरा बिजली जेई से शिकायत की पर कोई सुनवाई नहीं हुई बिजली विभाग द्वारा इस मामले मे कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों ने हाथ उठाकर जोरदार प्रदर्शन किया है। इस मौके पर शरीफ, दिलशाद,शदीक, सुरेन्द्र सिंह, श्यौराज, बुद्ध पाल,भूदेव शर्मा, आशादेवी, सुखाराम, विमलेश देवी, प्रेमवती आदि लोग मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

## गांव वापस लौटते समय पांची-बागपत मार्ग पर नाले के समीप हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पांची-बागपत मार्ग पर नाले के समीप खट्टा प्रहलादपुर के 48 वर्षीय बाईक सवार की ट्रेक्टर ट्राली की टक्कर लगने से मौकें पर ही मौत हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक का फाइल फोटो

खट्टा प्रहलादपुर निवासी 48 वर्षीय राजसिंह पुत्र रामबीर बृहस्पतिवार देर शाम पांची गांव मे किसी काम से बाईक द्वारा आया था जब वह वापस अपने गांव लौट रहा था तो पांची-बागपत मार्ग पर नाले के समीप बागपत की और से आ रहे भूसा भरे एक ट्रेक्टर ट्राली से उसकी टक्कर हो गयी जिसमें बाईक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। राहगीरों की सूचना पर खट्टा प्रहलादपुर के ग्रामीण वहा पहुंचे और मृतक की पहचान की सूचना मिलते ही परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गये। वही सूचना पाकर चांदीनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मजदूरी कर परिवार का लालन पोषण करता था। मृतक के तीन बच्चें है। उधर थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है अभी तहरीर नही आयी है। तहरीर आने पर उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



# गली बनवाने को लेकर कॉलोनीवासियों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के आजाद नगर गली नंबर 7 गोरखनाथ मंदिर वाली गली के लोगों ने नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस कॉलोनी की गलियां कच्ची पड़ी हुई है। गलियों में कीचड़ जल भराव पेयजल विद्युत कनेक्शन की दिक्कत बनी हुई है। गली के लोगों ने कॉलोनी का विकास करने की मांग की है। वार्ड नंबर 3 का सभासद यहां पर विकास कार्य नहीं कर रहा हैं। प्रदर्शन करने वाले लोगों का कहना है कि नगर पालिका चुनाव में हमारे वोट का जमकर इस्तेमाल किया गया। कॉलोनी के लोगों ने सभासद को चुनकर नगर पालिका में भेजा मगर यह कॉलोनी विकास की बाट देख रही है। इस गली का विकास कब होगा मोहल्ले के लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से पेयजल संकट विद्युत संकट आपूर्ति कच्ची गलियों का निर्माण मूलभूत सुविधाएं दिए जाने की मांग नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष से की है। प्रदर्शन करने वालों में श्रमिक एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा नीरज कुमार प्रमिला देवी मिथलेश देवी सुनीता देवी तेजपाल सिंह सुमित चौधरी दीपक चौधरी सतीश चौधरी कविता देवी पप्पू विमला देवी संतोष देवी राखी देवी सुषमा देवी रमेश चौधरी आदि मौजूद रहे। सभी लोगों ने वार्ड नंबर 3 आजाद नगर की समस्या का समाधान किए जाने की मांग की।



# एसपी ने परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एसपी सूरज कुमार राय ने परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। साथ ही जवानों को शारिरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ भी लगवाई गई। शुक्रवार को एसपी सूरज कुमार राय ने परेड की सलामी ली। परेड में शामिल जवानों में अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल कराई गई। साथ ही जवानों को शारिरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ भी लगवाई गई। इसके पश्चात पुलिस लाइन बागपत स्थित परिवहन शाखा, डायल-112, फायर सर्विस, आरटीसी क्लास रूम, आरटीसी जवान बैरक आदि का निरीक्षण किया।



उन्होंने संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने दी परिवार सहित आत्मदाह की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छपरौली थाना क्षेत्र में छह वर्षीय बच्चे के साथ कुकुर्म करने के मामले एक आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज न करने का आरोप। पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई और दूसरे आरोपी पर कार्रवाई करने की मांग की है। छपरौली थाना क्षेत्र के एक युवक के मुताबिक उसका छह वर्षीय बेटे के साथ दो युवकों ने कुकर्म किया था। घटना का पता चलने पर उन्होंने छपरौली थाना पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। छपरौली थाना पुलिस ने एक आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

जबकि दूसरे आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज नही किया गया। बताया गया कि दोनों युवकों ने ही बेटे के साथ कुकर्म किया है। आरोप है कि इस मामले में छपरौली थाना प्रभारी भी सुनने को तैयार नहीं है। पीड़ित परिजनों ने एसपी दफ्तर पहुंचकर दूसरे आरा.पी युवक के खिलाफ मुक.दमा दर्ज कर कानूनी कराने की मांग की है।

पीड़ित पिता का कहना है कि अगर आरोपी के विरूद्ध कोई कार्रवाई नही की जाती है तो पीड़ित पूरा परिवार सहित एसपी कार्यालय पर ही आत्मदाह कर लेंगे।

## एक नजर

### महिला से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चांदीनगर क्षैंत्र के एक गांव की महिला समीप के ही कस्बें में खरीदारी करने जा रही थी तभी उसके गांव के युवक ने उसे बाईक पर बैठा लिया और खेत मे ले जाकर दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है।

क्षैंत्र के एक गांव की महिला दो दिन पहले समीप के ही कस्बें मे खरीदारी करने पैदल घर से निकली थी थोड़ी दूर चलने के बाद एक युवक ने उसे लिफ्ट दे बाईक पर बैठा लिया था और समीप में खेतो मे ले जाकर महिला के साथ दुष्कर्म किया था और प हो गया था। पीड़ित महिला ने घर पहुंच परिजनों को जानकारी दी थी और थाना चांदीनगर पहुंच आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी थी पुलिस ने आरोपी युवक के खिलफ मुकदमा कायम किया था। वही आरोपी युवक को पकड़ लिया गया है जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।

### नाबालिग बेटी की बरामदगी की मांग को लेकर एसपी से मिले पीड़ित पिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नाबालिग बेटी की बरामदगी की मांग को लेकर पिता ने एसपी दफ्तर पहुंचकर एसपी से गुहार लगाई।

शुक्रवार को करीब साढे 12 बजे दोघट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक के मुताबिक गत 22 मई को एक युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर ले गया था। उन्होंने दोघट थाना पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस कार्रवाई के दौरान पता चला कि उपरोक्त घटना में एक ओर युवक का हाथ है। अगर युवक से पूछताछ की जाए तो नाबालिक बेटी को बरामद कर लिया जाएगा। उसके बाद दोघट थाना पुलिस ने युवक से पूछताछ की। उसी दौरान उसके मोबाइल में तमंचा के साथ उसकी फोटो मिली। बताया गया कि दोघट पुलिस ने बीस हजार रुपये लेकर आरोपित युवक को छोड़ दिया। आरोप हैं कि घटना को 15 दिन बीत जाने के बाद भी नाबालिक बेटी को दोघट थाना पुलिस बरामद नहीं कर पाई है। उन्होंने एसपी दफ्तर पहुंचकर एसपी से गुहार लगाई।

### संदेश यात्रा में पहुंचने वाले लोगों का फूलों से किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के लुहारी गांव से प्रथम बेगमपुर संदेश यात्रा गुरु समन दास महाराज के आश्रम शुक्रताल तक 10 जून को पहुंचेगी प्रथम बेगमपुर संदेश यात्रा मुख्य अतिथि चौधरी मांगेराम लुहारी एवं चौधरी नंदलाल बाबू ने हरी झंडी दिखाकर इस संदेश यात्रा को रवाना किया है। इस मौके पर नीरज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा.पंकज कुमार गुरु रविदास हॉस्टल के मीडिया प्रभारी डा.सत्येंद्र कुमार चौधरी चमन सिंह कंडेरा शुभम भारती प्रदीप कुमार सागर प्रधान मनोज कुमार सुरेश पाल बॉबी प्रकाश ने लुहारी गांव की प्रथम बेगमपुर संदेश यात्रा में भाग लिया। इस संदेश यात्रा में पहुंचने वाले लोगों का गांव के सम्मानित लोगों ने फुलों की मालाओं से स्वागत किया है। संदेश यात्रा लुहारी गांव से चलकर गुरु समन दास महाराज शुक्रताल गुरु गद्दी दरबार तक पहुंचेगी जिसका प्रत्येक जनपद में समाज के लोगों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

### ईद-उल-अजहा पर ईदगाह की साफ-सफाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईद-उल-अजहा के मौकें पर ईदगाह और कस्बें में साफ सफाई करायच गयी। वही कुर्बानी के बाद कचरो को दनानें के लिए गढढो की व्यवस्था की गयी है। रटौल में ईद-उल-अजहा के मौकें पर कस्बें और ईदगाह पर सफाई अभियान चलाया गया। वही ईद पर कुर्बानी के बाद करें को दनानें के लिए अलग अलग स्थानों पर गढढो की व्यवस्था की गयी कस्बें के वार्डो में सफाई कर्मचारीयो को नियुक्त किया गया है।

# मोदी सरकार के 11वर्ष पूरे होने पर 9 से 21 जून तक अभियान चलाएगी भाजपा

**बागपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा ने जिलेभर में 9 जून से 21 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है। इसकी रूपरेखा तय करने के लिए 7 मई शनिवार को भाजपा कार्यालय पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डा.चन्द्रमोहन के साथ जनप्रतिनिधि, पार्टी के पदाधिकारी शामिल होंगे। इस संबंध में शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के द्वारा अभियान के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम के जिला संयोजक अनिल तोमर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर जिले भर में 9 से 21 जून तक विशेष अभियान चलाएगी। अभियान को मोदी सरकार के 11 साल, संकल्प से सिद्धि तक नाम दिया गया है। इस अभियान के दौरान मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7मई को जिला कार्यशाला पर जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला आयोजित होगी, जिसमें सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। इस दौरान चमरावल रोड़ पर विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम पर पार्टी कार्यकर्ताओ ने फलदार पेड़ भी लगायें।




# बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण मनाने की मुस्लिम धर्म गुरुओं से की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर की फुस वाली मस्जिद में मुस्लिम समाज द्वारा जुम्मे की नमाज अदा की गई। जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद मस्जिद से बाहर निकले नमाजी और मुस्लिम धर्म गुरुओं से जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने मुस्लिम धर्म गुरुओं से कहा कि शनिवार को बकरीद का त्यौहार है इसे एक दूसरे के साथ खुश होकर मोहब्बत के साथ मनाया जाए और अमन और शांति का पैगाम दें कुर्बानी ऐसी जगह पर करें जहां पर किसी को तकलीफ ना हो।

इस अवसर पर शहर इमाम मुफ्ती खालिद काशमी ने कहा कि सभी मुस्लिम समाज के लोग कुर्बानी को खुले में ना करें और अपने देश के लिए अपने शहर के लिए अमन चैन की दुआएं करने का काम करें। जैसे हम परंपराओं के साथ तो पहले से ही त्योहार मनाते आ रहे हैं ऐसी ही खुशियों के साथ आपस में मिल जुल कर बकरा ईद के त्यौहार को हर्ष उल्लास के साथ मनाएं। इस मौके पर अमरचंद वर्मा, एसडीएम मनीष कुमार यादव, तहसीलदार राजेश कुमार, नायब तहसीलदार अतुल रघुवंशी, कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल, शहर के हाजी जमीरूद्दीन अब्बासी मौलाना अब्दुल सत्तार अकबर चौधरी मौलना इसराइल अब्दुल हसन हारून अली आतिफ एडवोकेट शराफत अली जावेद अली जाहिद कासमी के अलावा शहर के मुस्लिम धर्म गुरु मुस्लिम समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



# ग्रामीणों ने जंगल में घायल हिरण की जान बचा दिखाई इंसानियत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** तुगाना गांव के पास स्थित जंगल में गुरुवार देर साम एक घायल हिरण पर ग्रामीणों की नजर जैसे ही खून से लथपथ हिरण पर पड़ी तो उस और लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पहले तो हिरण को देखकर लोग हैरान रह गए, लेकिन फिर जो हुआ वह इस क्षेत्र की इंसा. नियत और जनजागरूकता का उदाहरण बन गया।

गांव के ही कुछ युवक जब सड़क पर घूम रहे थे तभी उन्होंने एक हिरण को छटपटाते हुए देखा। पास जाकर देखा तो उसके शरीर से खून बह रहा था और वह दर्द से कराह रहा था। यह दृश्य देख गांव के कई लोग मौके पर पहुंच गए। हिरण भयभीत था और बार-बार भागने की कोशिश कर रहा था। ग्रामीणों ने बड़ी सावधानी और मानवीयता के साथ हिरण को पकड़ने का प्रयास किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वे उसे नियंत्रित करने में सफल रहे। हिरण की हालत देख ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस सेवा डायल 112 को सूचना दी। कुछ ही समय में पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और उन्होंने वन विभाग को सूचना दी। पुलिस द्वारा दिखाई गई तत्परता से यह साबित हो गया कि प्रशासन भी अब वन्य जीवों के मामले को गंभीरता से लेने लगा है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल हिरण की स्थिति का जायजा लिया। जांच में सामने आया कि हिरण को आवारा कुत्तों ने नोंचकर घायल किया था। उसके शरीर पर पंजों और दांतों के कई गहरे घाव मिले। वन विभाग की टीम ने हिरण को प्राथमिक चिकित्सा दी और फिर उसे सुरक्षित तरीके से वाहन में डालकर उपचार के लिए वन्य जीव संरक्षण केंद्र भेजा। वन अधिकारी ने बताया कि हिरण की हालत गंभीर तो थी लेकिन समय रहते ग्रामीणों और पुलिस की सहायता से उसकी जान बच गई। उन्होंने यह भी कहा कि घायल हिरण को इलाज के बाद फिर से प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा। यह घटना न सिर्फ एक हिरण की जान बचाने की कहानी है, बल्कि यह समाज में बढ़ती वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक भी है। ग्रामीणों ने यह साबित कर दिया कि जंगल और उसमें रहने वाले जीव भी हमारे पर्यावरण का हिस्सा हैं और उनकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। घटना के बाद तुगाना गांव में दिनभर यही चर्चा होती रही। बच्चे और बुजुर्ग सभी इस बहादुरी भरे प्रयास की सराहना करते नजर आए। ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि तुगाना गांव के जंगल क्षेत्र में रात के समय कुत्तों की गति. विधि बढ़ जाती है, जिससे वन्य जीवों को खतरा है। उन्होंने वहां निगरानी कैमरे लगाने और वन विभाग की गश्त बढ़ाने की मांग की है। यह घटना एक बार फिर यह दिखाती है कि यदि आम नागरिक, प्रशासन और वन विभाग मिलकर काम करें, तो न केवल मानव जीवन बल्कि वन्य जीवों की रक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। तुगाना के ग्रामीणों ने जो उदाहरण पेश किया है, वह पूरे जनपद के लिए एक प्रेरणा है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बकरीद पर्व को लेकर नगर में किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को डीएम-एसपी ने बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु कोतवाली बागपत क्षेत्र के अंतर्गत ईदगाह एवं नमाज स्थल का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में शहर मेंफ्लैग मार्च भी किया गया, जिससे आमजन में सुरक्षा का विश्वास बना रहे एवं शांति एवं सौहार्द का वातावरण सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे त्योहार को आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें।



# विश्व हिंदू महासंघ के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे सत्यपाल सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** विश्व हिंदू महासंघ (शिक्षक/बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ) के राष्ट्रीय महामंत्री व मीडिया प्रभारी एड.गजेंद्र सिंह कुन्डु ने जानकारी दी कि 8 जून 2025 को विश्व हिंदू महासंघ के तत्वाधान में एक विराट वैचारिक महायज्ञ (धन्यवाद दिवस) और विभूति सम्मान समारोह का आयोजन आशीर्वाद गार्डन बागपत में संपन्न होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार और कुलाधिपति गुरुकुल कांगड़ी विश्व. विद्यालय डा.सत्यपाल सिंह होंगे, जिसके लिए आज एड गजेंद्र सिंह कुंडू, कैप्टन संजय तोमर, सूबेदार श्रीपाल ढाका ने विश्व हिंदू महासंघ की ओर से डा.सत्यपाल सिंह को निमंत्रण देकर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रि किया जिस पर पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार डा. सत्यपाल सिंह द्वारा कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति प्रदान की। कार्यक्रम में आध्यात्मिक वैचारिक मंथन , उत्तर प्रदेश के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यो- सुशासन और जनपद बागपत के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री डस.सत्यपाल सिंह के विकास कार्यो के लिए कृतज्ञ भाव से धन्यवाद और समाज के विभिन्न वर्गों से सम्बंधित विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।



# कृषि को विकसित बनानें का लिया संकल्प, ड्रोन स्प्रे करने की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** कृषि संकल्प अभियान के तहत सरफाबाद गांव में शिविर लगा किसानों को जानकारी दी गयी जिसमें पहुंचे दर्जा प्राप्त राज्य कृषि मंत्री अनुसंधान संस्थान लखनऊ कैप्टन विकास गुप्ता ने कहा की प्रधानमंत्री विसानों को विकसित करनें का संकल्प ले चुके जिससे किसानों की आय को बढाया जाये।

कृषि संकल्प अभियान के तहत सरफाबाद गांव में एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शिर. कत करने पहुंचे दर्जा प्राप्त कृषि राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने किसानों की समस्या को सुना और उन्हें समस्याओ के समाधान का आश्वासन भी दिया।

वही उन्होंने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री देश के किसानों को विकसित करना चाहते है जिससे किसानों की समस्या सुनने के लिए जगह जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा जिसमे किसानों को आय बढानें फसलों की समस्या सुनने समाधान करानें और किसानों की आय बढानें के लिए किसानों से चर्चा की जा रही है। शिविर में कृषि वैज्ञानिक डाक्टर अनन्त कुमार ने किसानों को फसल से सम्बन्धित जानकारी दी। वही राज्यमंत्री को खेतो में ड्रोन उड़ाकर स्प्रे कर के दिखाया। इस मौकें पर कृषि वैज्ञानिक हेमलता, अनिल चौधरी, सनोज पंवार, सचिन, मैनपाल, सजीव आदि मौजूद रहे।



### आर्य वीरों को ड्रोन तकनीक के विषय में दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के द्वारा चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल में चल रहे आवासीय संस्कार शोधक शिविर के तीसरे दिन आर्य वीरों को ड्रोन तकनीक के विषय में जानकारी दी गई। सभा मंत्री रवि शास्त्री ने कहा ड्रोन भविष्य के लिए प्रयोग होने वाली एक विशेष तकनीक है, जिसके द्वारा मानव जीवन को और सरल किया जा सकेगा एवं समय की बचत की जा सकेगी। ड्रोन के द्वारा किसान आधु. निक तरीके से खेती कर सकेंगे और अच्छी उपज ले सकेंगे। भविष्य में वस्तुओं के डिलीवरी सिस्टम में भी ड्रोन का प्रयोग होने की संभावना है। सुरक्षा व्यवस्था में भी ड्रोन का प्रयोग किया जाता है। आने वाले समय में ड्रोन का महत्व व्यावसायिक रूप से भी बढ़ेगा। भविष्य में लड़ाकू विमान का स्थान भी ड्रोन के लेने की संभावना है। जो अभी पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में साबित हो गया है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नकूल व पुत्रवधू रीना से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सतपाल सिंह पुत्र रूपचंद निवासी म. नं.7/266 नेहरू रोड़ नहरी की पटरी माल गोदाम कस्बा बडौत थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

# उधार दिए पैसे मांगने पर की थी प्रेमिका की हत्या

## प्रेमी ने हत्या कर सूटकेस में बहाया था प्रेमिका का शव, पुलिस ने किया खुलासा

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस व जनपदीय स्वाट टीम ने थाना क्षेत्र के सिखेडा बम्बे में सूटकेस में मिले एक अज्ञात महिला के शव की घटना का खुलासा करते हुए हत्यारोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्यारोपी के कब्जे से मृतका नीलेश का सामान एक बैंक पास बुक, एक चैक, एक केवाईसी फार्म, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, दो मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। पुलिस के मुताबिक हत्यारोपी प्रेमी सतेन्द्र ने अवैध सम्बन्धों के शक एवं उधार लिये रुपये ना दे पाने के कारण चुन्नी से गला घोटकर नीलेश की हत्या कर दी थी और लाश को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से सूटकेस में भरकर नहर में फेंक दिया था। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि 30 मई को थाना पिलखुवा क्षेत्र के सिखेडा बम्बे में सूटकेस में एक अज्ञात महिला का शव मिला था। सूचना पर तत्काल पुलिस अधिक. ारी, फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था और महिला के शव की शिनाख्त कर महिला की हत्या का खुलासा करने के लिए टीमों का गठन किया गया था। शुक्रवार को थाना पिलखुवा पुलिस और जनपदीय स्वाट टीम ने महिला की




हत्या की घटना का खुलासा करते हुए हत्यारोपी प्रेमी सतेन्द्र यादव पुत्र जगरूप को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में हत्यारोपी सतेन्द्र यादव ने बताया कि मृतका और मैं आपस में प्यार करते थे। मैने नीलेश से 5.25 लाख रुपये उधार लिये थे। जिनसे मैने कार खरीद ली थी तथा वह उधार दिये रुपये में से 2 लाख रूपये मांग रही थी। मेरे पास उस वक्त पैसे नहीं थे मैंने उससे पैसे वापस करने के लिये कुछ समय मांगा लेकिन वह मुझ पर उसी समय पैसे देने का दबाव बना रही थी जिस कारण गुस्से में आकर चुन्नी से उसका गला घोंट दिया जिससे मौके पर नीलेश की मौत हो गयी। हत्या आरोपी ने बताया कि उसने अपनी प्रेमिका की लाश को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से पिलखुवा थाना क्षेत्र के सिखेड़ा बम्बे के पास कार की डिग्गी से महिला के शव को निक. ालकर रजवाहे मे फेंक दिया था। शुक्रवार को पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए हत्या आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी कुंवर ज्ञानंजय ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु 25 हज़ार रुपये का नगद ईनाम देकर सम्मानित किया।

# साइबर सेल ने वापस कराए ठगी के 60 हज़ार रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफ़िज़पुर की साइबर सेल की टीम ने फोन पे के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई 60 हजार रुपये की धनराशि को समय रहते पीड़ित के खाते में वापस कराई है। जालसज़ो द्वारा ठगी की गई धनराशि पाकर पीड़ित का चेहरा खिल उठा। पीड़ित ने ठगों द्वारा ठगी की गई धन. राशि पाकर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

थाना हाफिजपुर के गांव चितौली निवासी पीड़ित अनिल सिरोही पुत्र गजेन्द्र सिंह ने कोतवाली पुलिस की साइबल सेल शाखा में ऑनलाइन शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि जालसज़ो ने फोन पे के माध्यम से 60 हजार रुपये का फ्रॉड उसके साथ हो गया है। जिस पर थाना पुलिस की टीम ने समय से कार्रवाई करते हुए फ्रॉड की गई 60



हजार रुपये की संपूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई गई है। पीड़ित ने ठगों द्वारा ठगी की गई धनराशि पाकर पुलिस का आभार व्यक्त किया। साइबर सेल की टीम ने लोगों से अपील की है कि खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरन्त 1930 पर कॉल करें। किसी अनजान से अपने बैंक खाता संख्या, ओटीपी, पिन व सीवीवी नम्बर की जानकारी साझा न करें।

# अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलटा ऑटो, तीन घायल

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के बछलोता अल्लीपुर भट्टा मार्ग के पास तेज रफ्तार एक अक्षौ अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को ऑटो से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती करवाया। मिली जानकारी के अनुसार दादरी निवासी प्रदीप अपने दो बच्चों के साथ ऑटो में सवार होकर अपनी ससुराल, सोरल अल्लीपुर जा रहे थे। जैसे ही ऑटो बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के बछलोता अल्लीपुर भट्टा मार्ग के पंहुचा। तभी अचानक ऑटो अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसे में प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के दौरान उनका एक



कान भी कट गया। इस दौरान प्रदीप के दो बच्चे प्रतीक और हिमांशु भी घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना बाबूगढ़ पुलिस को दी जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने थाने लोगों की मदद से सभी को ऑटो से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां प्रदीप की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ के एक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के बेहतर प्रबंध और यातायात नियमों के सख्त पालन की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं रोकी जा सकें।

# चोरी की मोटर साइकिल बरामद होने के मामले में न्यायालय ने दोषी को सुनाई सज़ा, लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा चोरी की मोटर साइकिल बरामद होने के मामले में एक दोषी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड से भी दंडित किया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2003 में आरोपी मनोज उर्फ गोला से चोरी का मोटर साइकिल बरामद होने के सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ थाना सिम्भावली पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए हापुड़ पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में शुक्रवार को न्यायालय द्वारा साक्ष्यों और गवाहो के आधार पर मनोज उर्फ गोला पुत्र रविन्द्र निवासी ग्राम लुहारी थाना बहादुरगढ जनपद हापुड़ को दोषी मानते हुए जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गयी अवधि 1 वर्ष 3 माह 14 दिवस व 2 हज़ार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। वही दूसरी और, हापुड़ पुलिस द्वारा अवैध चाकू रखने के मामले में एक आरोपी ललित को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।अवैध चाकू रखने क संबंध में आरोपी के खिलाफ बहादुरगढ़ थाने पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था।

## एक नजर

### विश्व ब्राह्मण संघ के पूर्व प्रधान के निधन पर किया शोक व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व ब्राहमण संघ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन रविकांत शर्मा एवं उपधायक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने विश्व ब्राहमण संघ जिला हापुड़ के संरक्षक एवं पूर्व प्रधान ग्राम देवली गढ़मुक्तेश्वर, पंडित जगदीश शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पंडित जगदीश शर्मा ब्राहमण समाज के एक मजबूत स्तम्भ थे। उनके निधन से परिवार जनों एवं ब्राहमण समाज की अपूर्णय क्षति हुई है।

उन्होंने कहा कि विश्व ब्राहमण संघ ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करता है। औस दौरान पंडित गोपाल शर्मा उपधायक्ष, पंडित हरीदन शर्मा उपधायक्ष विश्व ब्राहमण संघ, पंडित संजय शर्मा जिला महासचिव, पंडित ग्रीशचंद शर्मा जिला सचिव, पंडित दुष्यंत शर्मा जिला सचिव, पंडित सुनील शर्मा जिला मीडिया प्रभारी, सचिन आदि ब्राहमण पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पति पर लगाया मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव बागड़पुर निवासी मीना ने बताया कि शुक्रवार को वह घर पर चाय बना रही थी। उसने पति को चाय पीने के लिए कहा तो आरोपी पति ने मारपीट कर घायल कर दिया। उसके बाद आरोपी ने उसको घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जेठ पर लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने बताया कि उसका निकाह जनपद बुलंदशहर के गांव निवासी युवक से हुआ था। निकाह के बाद से ससुराल पक्ष के लोग उसका उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता ने बताया कि उसके जेठ ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने मायके वालों से शिकायत की तो आरोपियों ने उसको घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार रात को सिंभावली पुलि स क्षेत्र में गश्त कर रही थी। जैसे ही पुलिस क्षेत्र के गांव पीरनगर के जंगल में पहुंची तो एक संदिग्ध को पुलिस ने घूमते हुए पकड़ लिया। पकड़ा गया आरोपी गांव हाईकोर्ट निवासी धर्मवीर सिंह है। आरा. ेपी के पास से पुलिस ने 21 पव्वे बरामद किए है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि उसकी चचेरी बहन बृहस्पतिवार को घर के बाहर खेल रही थी। तभी गांव निवासी युवक वहां और उसकी बहन को अपने घर के लिए खींचने लगा। पीड़िता के शोर मचाए जाने पर आरोपी ने उसकी बहन के साथ पिटाई की। इस दौरान चचेरा भाई ने विरोध किया तो आरा. ेपी ने उसके साथ भी पिटाई की। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिसा ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महिला पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि सिंभावली के गांव निवासी महिला का पति दो दिन पूर्व घर से बाहर गया था। घर पर वह अकेली थी। इसी बात काायदा उठाकर आरोपी उसके घर में घुस गया। वहां आरोपी ने महिला के साथ अभद्रता का प्रयास किया। आरोपी ने उसके गर्दन पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हमले में महिला घायल होकर गिर गई। इसके बाद आरोपी महिला को पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया है।

# महिला पर धारदार हथियार से हमला करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने महिला पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है।

थाना सिंभावली प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि गुरुवार को गांव भगवानपुर निवासी जितेंद्र कुमार द्वारा थाने पर शिकायती पत्र देते हुए बताया गया था कि गांव में ही रहने वाला ज्ञानदीप उर्फ़ पोखर पुरानी रंजिश के चलते उसके घर में घुस गया और उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की नीयत से उसकी पत्नी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें उसकी



पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में मुक. दमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने महिला पर घर में घुसकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी ज्ञानदीप पुत्र ऐशवीर निवासी ग्राम भगवानपुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड को गांव धनपुरा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई में जुट गई है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घरों पर लगे पार्टी के झंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को एक विशेष अभियान की शुरुआत की। इस दौरान शहराध्यक्ष और कोऑर्डिनेटर्स ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी के झंडे लगाए। साथ ही पार्टी की नीतियों से लोगों अवगत कराया।

शुक्रवार को पार्टी की नीतियों से लोगों अवगत कराते हुए शहराध्यक्ष और कोऑर्डिनेटर्स लोकेश चौधरी ने कहा कि झंडा लगाने का मुख्य उद्देश्य पार्टी की एकता और संगठन को मजबूत करना है। पुरुषोत्तम नगर ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों के निवासियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने लोगों से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। शहराध्यक्ष



इरफान अहमद ने कहा कि पार्टी अपने सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करेगी। कार्यक्रम में सरदार जौहरी सिंह, नोएडा कोऑर्डिनेटर नरेश भाटी, एजाज अहमद, जलज तेवतिया, यशपाल दिल्लौर, देवेन्द्र जाटव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाई-बहन ने जेईई व जामिया में टॉप कर किया गांव का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर तहसील क्षेत्र के गांव वेट के मेधावी भाई-बहन ताल्हा चौधरी और रिजा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों ने न केवल उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि गांव के बच्चों को कैरियर मार्गदर्शन देने का संकल्प भी लिया है। ताल्हा चौधरी ने JEE एडवांस परीक्षा क्वालीफाई कर अपने दादा स्वर्गीय मोहम्मद इलियास प्रधान के शिक्षा के प्रति सपनों को साकार किया। उनकी बहन रिजा ने जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से बीएससी एयरोनॉटिक्स में प्रथम रैंक हासिल कर गोल्ड मेडल के लिए चयनित हुई और KET परीक्षा 2024 भी पास की। दोनों ने नई



दिल्ली के हमदर्द पब्लिक स्कूल से कक्षा 12 में टॉप किया था। स्वर्गीय मोहम्मद इलियास, जो गांव में जमींदारी से जुड़े थे, जीवनभर बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करते रहे। उनके पुत्र तैयब चौधरी ने पिता के सपनों को आगे बढ़ाने के लिए अपने बच्चों को दिल्ली में पढ़ाई के लिए भेजा। अब ताल्हा और रिजा अपने पिता के सहयोग से वेट गांव में नि:शुल्क लाइब्रेरी और कैरियर काउंसलिंग क्लास शुरू करने की योजना बना रहे हैं, ताकि ग्रामीण छात्र-छात्राओं को उचित मार्गदर्शन मिल सके। इस पहल को गांव के प्रबुद्धजनों, जिसमें मंजूर खान, अमानुल्लाह खान, समद खान, मुजीब चौधरी, ताहिर चौधरी, प्रधानाचार्य आलोक शुक्ला, पूर्व प्रधानाचार्य प्रणीता दीक्षित और शिक्षक नेता देवदत्त शर्मा ने समर्थन दिया है। लाइब्रेरी और काउंसलिंग क्लास शुरू करने की योजना पर काम शुरू हो चुका है। क्षेत्रवासियों में ताल्हा और रिजा की उपलब्धियों पर गर्व और उत्साह है। उनकी सफलता ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा बन रही है।

# दूध के ट्रक में लगी, टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव सेहल चौराहे पर दूध की खाली गाड़ी में वेल्डिंग करने के दौरान आग लग गई। आग लगने से गाड़ी बुरी तरह से नष्ट हो गई। आस पास के लोगों ने जैसे तैसे कर आग पर काबू पाया।

शुक्रवार को एक व्यक्ति अपनी दूध की खाली गाड़ी को लेकर सेहल चौराहा स्थित वेल्डिंग करने वाले की दुकान पर पहुंच और वेल्डिंग कराने लगा। वेल्डिंग करने के दौरान गाड़ी में अचानक आग लग गई। आग लगते देखकर काम करने वाले वहां से भाग खड़े हुए और शोर मचा दिया। इस दौरान आस पास में काम करने वाले लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने भयंकर रुप धारण कर लिया। आग लगने से गाड़ी बुरी तरह से जल गई।



# शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के एक मोहल्ला निवासी युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि अब आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला निवासी युवती ने बतााया कि उसको पड़ोसी युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। उसके बाद आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो भी बना ली। पीड़िता ने बताया कि आरोपी के शारीरिक संबंध बनाने से वह तीन बार गर्भवती हो गई जिससे आरोपी ने उसका गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने जब आरोपी से शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया और अब शादी करने से मना कर रहा है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वही दूसरी और,किसानों ने बिजली दफ्तर का घेराव कर सोमवार को किया था अनिश्चितकालीन धरना शुरू। जहाँ पर गुरुवार को पांचवें दिन भी जारी रहा धरना जिसकी अध्यक्षता महिपाल सिंह उर्फ गुजराल ने की और संचालन श्यामसुंदर त्यागी ने किया।

भाकियू टिकैत की टीम व किसान और मजदूर की समस्याओं के साथ हो रहे भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर बिजली दफ्तर में जमकर नारेबाजी की है। किसानों ने बिजली दफ्तर पर जमकर नारेबाजी करते हुए ऊर्जा निगम के एससी से वार्ता करने की मांग पर अड़े रहे। जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा की विधुत विभाग के अवर अभियंता और भर्ष्ट लाइन मेन को जब तक सिंभावली बिजली दफ्तर से हटाया नही जाएगा तभ तक किसानों का अनिश्चित कालीन धरना जारी रहेगा। मेरठ मंडल के उपाध्यक्ष शब्बू चौधरी, जिला संरक्षक पीके वर्मा,गढ़ तहसील प्रभारी सुदेश पाल समेत का कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा अवर अभियंता और लाइनमैन को अगर नहीं हटाया गया तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत नेशनल हाइवे पर चक्का जाम कर बड़े स्तर पर आंदोलन की रणिनीति बनाई जाएगी।

# जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में फेयरवेल पार्टी का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस हापुड़ में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी 2025 का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामयी वातावरण में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल, सचिव डा. रोहन सिंघल, महानिद. शक प्रो. डा. सुभाष गौतम, प्राचार्य डा. धीरज सैनी एवं सभी कार्यक्रम प्रमुखों ने सहभागिता की।

फेयरवेल पार्टी का उद्देश्य संस्थान में अध्ययनरत सीनियर विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक सफर की समाप्ति पर शुभकामनाएं देना तथा जूनियर्स द्वारा अपने




सीनियर्स के प्रति सम्मान और स्नेह प्रकट करना रहा। महानिदेशक डॉ. सुभाष गौतम ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए एक स्मृति बनकर रहेगा, बल्कि यह उनके भावी जीवन के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा। डा. आयुष सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि फेयरवेल केवल एक विदाई नहीं, बल्कि छात्रों के उज्जवल भविष्य की ओर पहला कदम है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र जीवन के हर क्षेत्र में नयी ऊँचाइयाँ छूने को तैयार हैं। सचिव डा. रोहन सिंघल ने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास में योगदान देना है। फेयरवेल जैसे कार्यक्रमों से छात्रों में आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता की भावना विकसित होती है। फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसमें नृत्य, गायन, हास्य नाटक, फैशन शो एवं प्रेरणादायक भाषण शामिल थे। मंच पर प्रस्तुत एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों ने सभी को भावविभोर कर दिया। निर्णायक मंडल में फार्मेसी हेड धनन्जय तोमर, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड तन्वी गौड़, एवं प्राध्यापिका कोमल ने निष्पक्ष निर्णय देने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम की रूपरेखा से लेकर संचालन तक सभी विभागों के प्रमुखों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। सांस्कृतिक क्लब की अध्यक्ष पारुल चौहान ने सभी व्यवस्थाओं की निगरानी की। कार्यक्रम का सफल संचालन तान्या शर्मा B-Com और खुशी सिंह BBA द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। संस्थान द्वारा सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के लिए भोजन एवं विदाई उपहार की विशेष व्यवस्था की गई। प्राचार्य डा. धीरज सैनी ने कार्यक्रम के समापन पर सभी का आभार व्यक्त किया।

# धनौरा में बना जिले का पहला प्रधानमंत्री मॉडल आवास

## ब्लाक प्रमुख ने किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** पीएम आवास योजना के तहत बनाए जाने वाले मकानों की डिजाइन कैसी होती है, कितनी जमीन पर इसे बना सकते हैं और किस तरह का सामान इनमें लगा सकते हैं, जैसी जानकारी अब विकास खंड कार्यालय में ही मिल सकेगी। इसके लिए विकास खंड परिसर में करीब तीन लाख रुपए खर्च कर पीएम आवास का मॉडल मकान बनाया जाएगा। खास बात यह कि इस आवास के निर्माण के दौरान मिस्त्रियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख आशा चन्द्रा और खंड विकास अधिकारी नरेन्द्र गंग. वार ने फीता काटकर मॉडल आवास का लोकार्पण किया।




ब्लॉक प्रमुख आशा चन्द्रा ने कहा मॉडल हाउस के माध्यम से न सिर्फ लाभार्थियों को आवास की डिजाइन और मानक के बारे में जानकारी देने के साथ ही साथ बल्कि निर्माण की गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाएगी। गांव के प्रत्येक पात्र आवास लाभार्थियों को इसी तरह का आवास बनाना है। मॉडल आवास बनने के बाद सभी लाभार्थी इसे देखकर इसी का प्रतिरूप आवास बनाएंगे इसके लिए प्रत्येक लाभार्थी को सरकार द्वारा 1 लाख 20 हजार रुपये कई किस्तों में दिया जाएगा। बीडीओ नरेंद्र गंगवार ने बताया प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का यह मॉडल मकान बनाया गया हैं। पीएम आवास योजना में बनने वाले मकान की डिजाइन को लेकर ग्रामीणों में असमंजस की स्थिति रहती है, ऐसे में मॉडल के रूप में यह मकान बनाया गया है सभी लाभार्थियों को दिखाया जा सकेगा। साथ ही आदर्श रूप में इस मॉडल में कम से कम कीमत में क्या सामग्री लगाई जा सकती है, वह भी लाभार्थी देख सकेंगे। इस अवसर पर एडीओ आइएसबी मनोज कुमार, एडीओ पंचायत रामचन्द्र सिंह, एडीओ समाज कल्याण मनोज कुमार, एडीओ विकास कुमार, पंचायत सचिव रामगोपाल, यशवीर खटाना, धर्मेन्द्र प्रधान, कमल सिंह, रहीश मंसूरी, लोकेंद्र चौधरी, अलीमुद्दीन सैफी आदि मौजूद रहे

# केबिल बदलने के कारण कई घंटे गुल रही बत्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** इंदिरा चौक पर बिजली का केबिल बदलने को लेकर दिन भर टाउन फर्स्ट में बिजली कटौती बनी रही। जिसकी वजह से मोहल्ला अतरपुरा, कविनगर, विजयनगर, शुक्लपुरी सहित कई क्षेत्रों की आपूर्ति बाधित रही।

शुक्रवार की दोपहर में इंदिरा चौक टाउन फर्स्ट में बिजली का केबिल बदलने का काम किया गया। करीब तीन से चार घंटे तक चले इस कार्य की वजह से संबधित क्षेत्रों की बिजली गुल रही। उधर शाम को भी बिजली आपूर्ति शेड्यूल के हिसाब से नहीं मिली। एसडीओ चंद्रेश विश्वकर्मा ने बताया कि बिजली का केबिल बदलने की वजह से दिन में आपूर्ति बाधित रही थी, बाद में ठीक आपूर्ति मिली।

# वासुदेव तालाब में डूबकर किशोर की मौत

## नानी के पास रहता था, बीते दिन हुआ था लापता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नाना-नानी के पास रह रहे किशोर की तालाब में डूब कर मौत हो गई। उसका शव पानी में उतराता मिला। पोस्टमार्टम के बाद स्वजन ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है।



यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के श्री वासुदेव तीर्थ परिसर स्थित तालाब की है। मुहल्ला किशनगढ़ में भागचंद का परिवार रहता है। पेशे से फूल-पत्ती बेचने वाले भागचंद के परिवार में पत्नी फुलिया हैं। उन्होंने अपनी बेटी की शादी बिहार निवासी शेरु के साथ की थी। शेरू व उनकी बेटी की मौत होने के बाद इकलौता बेटा कोहीनूर यहां नाना-नानी के पास रहता था। किराए के मकान में रहने वाले भागचंद व फुलिया का कहना है कि उनका नाती गुरुवार दोपहर घर से बाहर गया था। परंतु वापस नहीं लौटा। काफी तलाश किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब शुक्रवार सुबह जब लोग वासुदेव तीर्थ पर घूमने गए तो उन्होंने एक किशोर का शव तालाब में उतराता देखा। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस भी पहुंची तथा शव को बाहर निकाला। शिनाख्त होने पर भागचंद व फुलिया भी आ गई। हालांकि दंपती ने कोई आरोप नहीं लगाया है। माना जा रहा है कि पैर फिसलने के चलते कोहीनूर तालाब में डूब गया होगा। स्वजन ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है। किशोर तालाब में कैसे डूबा इसका पता लगाया जाएगा।

# योगेश हत्याकांड में दो आरोपियों ने किया सरेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** योगेश हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। शुक्रवार को पुलिस ने बिजनौर जेल में जाकर उनके बयान भी दर्ज किए। अब इस मामले में मुख्य आरोपी पूर्व प्रधान पति, उसके भाई समेत चार आरोपी जेल में हैं, पुलिस विवेचना में घटना में कुल आठ आरोपी शामिल हैं, जिनमें एक नगर पालिका गजरौला का सभासद भी है। बता दें कि 12 अप्रैल की दोपहर में थाना क्षेत्र के गांव फौंदापुर में शराब दुकान पर गांव वारसाबाद निवासी पूर्व प्रधान के पति राजवीर सिंह व गांव फौंदापुर निवासी योगेश (28) के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि योगेश पक्ष ने राजवीर सिंह के साथ हाथापाई कर

**■ पुलिस ने बिजनौर जेल में जाकर दर्ज किए बयान**

दी थी। इसके बाद राजवीर के भाई मनोज व उसके पक्ष के लोगों ने योगेश के भाई प्रशांत के साथ नगर के खादगूजर तिराहे के पास घेरकर मारपीट की थी। रात के समय योगेश अपने पिता जहेन्द्र व ताऊ नरेश के साथ बाइक से नगर निवासी समाज के संभ्रांत लोगों के पास इस मामले के संबध में बातचीत करने जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में राजवीर, उसका भाई मनोज कुछ अन्य लोगों के साथ मिले और लाठी डंडो से वार करके योगेश की हत्या कर दी, जबकि नरेश व जहेन्द्र घायल हो गए। प्रकरण में योगेश के पिता जहेन्द्र की तहरीर पर पुलिस ने राजवीर, उसके भाई मनोज सहित चार अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी थी। उसी दिन पुलिस ने मनोज को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था, जबकि राजवीर ने बाद में कोर्ट में सरेंडर किया। पुलिस ने 15 मई को राजवीर को रिमांड पर लेकर घटना में प्रयुक्त डंडे आदि बरामद किए थे। पुलिस विवेचना में इस घटना में सभासद सहित राजवीर व मनोज सहित कुल आठ लोगों की संलिप्तता पाई गई। पुलिस इनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। इसमें 27 मई को नकुल व अंकित निवासी गांव पाल ने कोर्ट में सेरेंडर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने बिजनौर जेल में जाकर दोनों के बयान दर्ज किए।

# आभूषण ठगने के संदेह में चार लोगों को पकड़ कर धुना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित गांव में महिला से आभूषण ठगने के संदेह में ग्रामीणों ने चार लोगों को पकड़ कर धुनाई की और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामला शुक्रवार की दोपहर है। नौगावां क्षेत्र के चार व्यक्ति थैला आदि टांगकर गांव शहबाजपुर डोर में पहुंचे, यहां पर भीख मांगने के बहाने एक घर में घुसे और वहां पर माजूद महिला को तरह तरह की बात बताते हुए कान में पहने कुंडल व घर में रखे गहने मांगने लगे। हालांकि महिला उनकी बातों में नहीं आई और उनकी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी ग्रामीणों को दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने उनका पीछा करके

**■ इंदिरा चौक पर पुलिस के सामने भिड़े दो युवक**

दबोच लिया और धुनाई करके पुलिस को सौंप दिया। इस प्रकरण का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। **इंदिरा चौक पर पुलिस के सामने भिड़े युवक, वीडियो वायरल** शुक्रवार की दोपहर में दो युवकों में बाइक निकालने को लेकर विवाद हो गया और हाथापाई होने लगी। यह देखकर यहां पर मौजूद पुलिसकर्मी उन्हें हटाने पहुंचे तो पुलिस के सामने भी दोनों युवक हाथापाई करते रहे। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। घटना के बाद पुलिस दोनों युवकों को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। **खरीददारी करने आई दो महिलाओं को सामान चोरी करने के शक में पीटा** ईद की खरीदारी करने के लिए बाजार आई दो महिलाओं को चोरी करने के संदेह में दुकानदार व आसपास के लोगों ने पीट दिया। इससे काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, वहीं महिला के परिजन व गांव के लोग भी थाने पहुंच गए। पुलिस मारपीट करने के आरोपी दुकानदार को भी थाने ले आई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस दोनों पक्षों से बातचीत करके मामले की जांच पड़ताल में जुटी थी।

## एक नजर

### ईदुल अजहा पर पालिका ने बनाया कंट्रोल रूम

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** ईद उल अजहा को शांतिपूर्वक तरीके से मनाने के लिए नगर पालिका ने कमर कस ली हैं। पालिका कर्मचारियों की जगह-जगह ड्यूटी लगा दी गई है। नगर पालिका परिषद द्वारा ईद उल अजहा पर साफ सफाई रखने के लिए कर्मचारियों को तैनात कर दिया गया है। कुर्बानी के बाद अवशेष जहां-तहां पशुओं के अवशेष न फेके इस पर नजर रखने के लिए कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगा दिया गया है। अधिशासी अधिकारी द्वारा टीम गठित कर कर्मचारियों को जगह-जगह तैनात किया गया है। अवशेष उठाने के लिए पालिका के वाहनों पर कर्मचारी तैनात कर दिये गये हैं। कौन कर्मचारी कहा ड्यूटी पर तैनात है इस पर नजर रखने के लिए भी व्यवस्था की गई है। नगर में सफाई प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था संबंधी शिकायतों को निस्तारित करने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम प्रभारी की देखरेख में यह कर्मचारी अपने कार्य को अंजाम देंगे। कुल मिलाकर नगर पालिका ने ईद उल अजहा पर कही गंदगी ना फैले कोई शिकायत ना मिले इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है

### पशु स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शुक्रवार को गांव कौराला में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के पशुचिकित्सा वैज्ञानिकों ने पशुपालन विभाग के सहयोग से एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया शिविर में मुख्य रूप से बाँझपन से ग्रस्त पशुओं के उपचार किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक राजीव तरारा ने किया। शिविर में कुल 175 पशुओं की जांच की गई। सीवीओ डॉ आभा दत्त ने पशुपालकों को हीट डिटेक्शन (गर्मी पहचान), संतुलित आहार, एवं प्रभावी प्रजनन प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। डॉ. अमित वर्मा, डॉ. प्रेम सागर मौर्या, डॉ. विकास सचान, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. दीपाक्षी, डॉ. भागेश, डॉ. गरिमा राज एवं नेपाल सिंह की टीम ने इफको-टोकियो जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से प्रजनन जांच, हार्मोनल उपचार, परीजीवी नियंत्रण, गर्भाशय धोवन एवं खनिज पूरक वितरण जैसी सेवाएं प्रदान कीं।

### युवती के अश्लील फोटो बनाकर किये वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि लगभग 8 माह पहले मेरी पुत्री रिश्तेदारी में गई थी और रिश्तेदारी में एक युवक ने घर पर आकर मेरी पुत्री के साथ फोटो खींच लिए और पुत्री से कहने लगा कि मैंने तेरे फोटो अपने साथ खींच लिया है यदि तू मुझसे बात नहीं करेगी तो मैं तेरे अपने साथ खींची हुई फोटो को अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर दूंगा और तुझे बदनाम कर दूंगा इसके बाद युवती ने पूरी बात घर आकर मुझे बताई जिसके बाद युवक को समझाया कि तू मेरी पुत्री के फोटो अपने मोबाइल से डिलीट कर दे और मेरी पुत्री का पीछा छोड़ दे लेकिन युवक ने थाना क्षेत्र के एक गांव में मैंने अपनी बेटी का रिश्ता तय कर दिया था आरोपी युवक होने वाले दामाद के पास पहुंचा और मेरी पुत्री के फोटो दामाद को दिखाकर कहने लगा कि तू अगर इस लड़की से शादी करेंगा तो तूझे जान से मार दूंगा व इस बारे में अगर किसी से शिकायत की तो भी तुझे जान से मार दूंगा युक्ति के पिता ने पुलिस को बताया कि मुझे व मेरे परिवार को जान माल का खतरा बताते हुए न्याय की गुहार लगाई पुलिस ने तहरीर का आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जा शुरू की।

# मारपीट में चार लोगों को एक-एक साल की सजा

## कोर्ट ने आठ हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मारपीट के मामले में कोर्ट ने चार लोगों को दोषी माना। एक-एक साल जेल की सजा सुनाई तथा आठ हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। घटना गांव रजबपुर की थी। यहां अनुसूचित जाति के रवि का परिवार रहता है। 12 जुलाई 2018 की शाम में मोहल्ले के रहने वाले अकील, जुगनू, नबील और जुबैर शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे थे।

घर के बाहर गाली-गलौज करने का करने पर विरोध आरोपियों ने रवि को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। मामले में पुलिस ने चारों के खिलाफ मारपीट और एससी-एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। गिरफ्तार कर पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान कर दिया था। फिलहाल इस मामले में चारों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला न्यायाधीश विशेष एससी-एसटी एक्ट संजय चौधरी की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर पैरवी एडीजीसी मनोज सक्सेना ने की। शुक्रवार को कोर्ट में मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने अकील, जुगनू, नबील और जुबैर को दोषी करार दिया। चारों को एक-एक जेल की सजा सुनाई तथा दो-दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# मोबाइल लैपटाप से कुछ समय दूर रहकर लगाएं ध्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, गजरौला में डिजिटल डिटॉक्स योग कार्यक्रम एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ डिजिटल

**■ रमाबाई महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम**




डिटॉक्स योग सत्र से हुआ, जिसमें प्रशिक्षक डॉ.अजय कुमार ने विद्यार्थियों को डिजिटल यंत्रों की निरंतरता से उत्पन्न मानसिक दबाव से मुक्ति पाने के उपाय सुझाए। उन्होंने कहा कि "जब शरीर थकता है तो नींद चाहिए होती है, पर जब मन थकता है, तब ध्यान आवश्यक होता है।" उन्होंने सभी को मोबाइल, लैपटॉप आदि से कुछ समय दूर रहकर ध्यान और मौन साधना की आदत अपनाने का संदेश दिया। इसके पश्चात डॉ. नेहा अग्रवाल ने डिजिटल फास्टिंग की अवधारणा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों से कम-से-कम एक दिन बिना फोन के बिताने का आग्रह किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.श्वेता अग्रवाल के संयोजन में संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसकी थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना" रही। कहा, कि "यदि पृथ्वी हरी भरी रहेगी तो भविष्य सुरक्षित रहेगा। हर पौधा एक सांस है और हर सांस जीवन है। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि आशा, शांति और जीवन का संदेश भी देते हैं। प्राचार्य प्रो0महबूब अली गौरी ने कहा कि, योग केवल शरीर की कसरत नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि का मार्ग है। इस मौके विद्यार्थियों में हर्ष, श्रेया सिंह तोमर, इशिका, मानसी, दक्षराज के साथ महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ज्योतिबाफुले व सावित्री बाई भारत रत्न सें हों विभूषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** ऑल इंडिया सैनी सभा के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सौंपा। ज्ञापन में

**■ ऑल इंडिया सैनी सभा ने सौंपा ज्ञापन, जिले का नाम ज्योतिबाफुले नगर रखने, फूले फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग**



मांग की गई है कि अमरोहा जनपद को ज्योतिबाफुले के नाम से जाना जाए, साथ ही उनके नाम पर बनी फिल्म को पूरे देश में टैक्स फ्री घोषित किया जाए, साथ ही उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले चार दशकों से सैनी, शाक्य, मौर्य, कुशवाहा आदि समाज सत्ताधारी दल का वोट बैंक रहा है। लेकिन दुख की बात यह है कि प्रदेश व केन्द्र सरकार इस समाज के हितों के प्रति गंभीर नहीं है। हमारी सभा केन्द्र सरकार से यह मांग करती है कि महापुरूष ज्योतिबाफुले व उनकी पत्नी सावित्री बाई फुले को भारत रत्न के सम्मान से अलंकृत करे, साथ ही अमरोहा जनपद का नाम भी पूर्व की तरह ज्योतिबाफुले नगर के नाम से हो, और ज्योतिबाफुले के नाम पर बनी फिल्म को पूरे देश में टैक्स फ्री घोषित किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि केन्द्र व राज्य सरकार ने सैनी, शाक्य, कुशवाहा समाज के महापुरूषों का सम्मान न किया तो आगामी 2027 के चुनावों में हमें बहिष्कार के लिये मजबूर होना होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी, अमित सैनी, फूल सिंह सैनी, कल्याण सिंह सैनी, मोतीराम सैनी, अजीम वारसी, करतार सिंह सैनी, पीयूष सैनी, शुभम सैनी, राजकुमार सैनी आदि मौजूद रहे।

# बकरा खरीदने गए वकील को पीटा

## चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कुर्बानी के लिए बकरा खरीदते समय लोगों ने अधिवक्ता के साथ मारपीट की। मामले में पुलिस से चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरोहा नगर के मोहल्ला मच्छरट्टा के रहने वाले अबू सुफियान एडवोकेट जनपद न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं। ईद के मौके पर एडवोकेट अबू सुफियान बृहस्पतिवार को कोठी खिदमतपुर स्थित नखासा बाजार से कुर्बानी के लिए बकरा खरीदने गए थे। इस दौरान उन्होंने एक बकरा खरीद लिया था जबकि दूसरे की खरीदने की तलाश कर रहे थे। तभी यहां मौजूद बाजार के ठेकेदार समीर मलिक ने उनसे पर्ची मांगी। जैसे ही अधिवक्ता अबू सुफियान पर्ची दिखने लगे तभी, समीर मलिक, साजिद और जीशान ने उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट की। बचाव में आए एडवोकेट अबू सुफियान के भाई अब्दुल्ला और शोएब के साथ भी मारपीट की। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हो भाग गए। मामले में पुलिस ने समीर मलिक, साजिद, जीशान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दहेज की खातिर गर्भवती को पीटा, पति ने किया दुष्कर्म

## चार लोगों के खिलापफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ससुराल वालों ने गर्भवती विवाहिता के साथ दहेज के लिए मारपीट की। पति ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बिजनौर जनपद के एक गांव में रहने वाले किसान की बेटी की शादी नौगांवा सादात कस्बे के रहने वाले युवक के साथ हुई थी। दो साल पहले हुई शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पति विवाहिता के साथ आए दिन मारपीट करता था और जबरदस्ती दुष्कर्म करता था। 24 मई की सुबह 11 बजे ससुराल वालों ने विवाहिता के साथ मारपीट की। इस दौरान विवाहिता गर्भवती थी। ससुराल वालों की पिटाई के कारण उसके पेट में गंभीर चोट आई। जिसके चलते विवाहिता को ब्लीडिंग शुरू हो गई। गर्भ में पल रहा भ्रूण खराब हो गया। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने विवाहिता को अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में विवाहिता के पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# हजरत मुस्लिम की शहादत पर मजलिस

## शबीहे ताबूत किया बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के चचाजाद भाई हजरत मुस्लिम की शहादत पर मजलिस का आयोजन किया गया। शबीहे ताबूत बरामद करते हुए शिया समुदाय के लोगों ने नौहख्वानी के बीच सीनाजनी करते हुए शहादत को याद किया।

शहर के मोहल्ला मंडी चौब स्थित अजाखाना मोहम्मद युसूफ में सफीरे हुसैन हजरत मुस्लिम के गम का आयोजन किया गया। मजलिस में सोज-ओ-सलाम तबारक अली व हमनवां ने पेश किया जबकि मौलाना हैदर मेहंदी ने मजलिस को खिताब फरमाया। उन्होंने बताया कि पैगम्बर-ए-इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने जब ये देखा कि यजीद



दीने इस्लाम को मिटाने के लिए हिंसा, अहंकार, अन्याय, अय्याशी तथा अरबों में पैगम्बरे इस्लाम से पूर्व में फैली बुराईयों को अपना रहा है तो हजरत इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ कर्बला में कुर्बानी देकर न केवल इस्लाम को बचाया बल्कि आलम-ए-इंसानियत को भी बचा लिया। बताया कि इमाम हुसैन के चचाजाद भाई हजरत मुस्लिम बिन अकील थे। इमाम हुसैन ने हजरत मुस्लिम को कूफे में अपना सफीर यानि शांति दूत बनाकर भेजा था। कूफे वालों ने इमाम हुसैन को खत भेज कर बुलवाया था। इमाम हुसैन ने कूफे के माहौल का जायजा लेने के लिए हजरत मुस्लिम को पहले वहां भेजा था लेकिन कूफे में जालिमों ने उन पर जुल्म शुरू कर दिए। पहले तो हजरत मुस्लिम का खैर मकदम किया लेकिन बाद में मुंह मोड़ लिया। अकेले हजरत मुस्लिम जालिमों की फौजों से लड़ते हुए शहीद हुए। यह कर्बला की पहली शहादत थी। मौलाना ने मसायब का जिक्र भी किया, जिसे सुनकर लोगों की आंखें नम हो गईं। मजलिस के बाद हजरत मुस्लिम का ताबूत बरामद हुआ। अकीदतमंदों ने ताबूत की ज्यारत की। जिसके बाद नौहाखानी और सीनाजनी भी हुई। वहीं, घरों में नजर-ओ-नियाज का सिलसिला चलता रहा।

# मुकदमे में फैसला न करने पर हत्या का प्रयास

## जान से मारने की नियत से दबाया गला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुकदमे फैसला नहीं करने पर दबंगों ने पीड़िता के साथ मारपीट की। जान से मारने की नियत से गला दबा दिया। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरोहा नगर के मोहल्ला लकड़ा में कारोबारी का परिवार रहता है। दस मई की रात मोहल्ले का ही रहने वाला तारिक घर में घुस आया था। उसने कारोबारी की बेटी के साथ छेड़खानी और दुष्कर्म करने की कोशिश की थी। इस मामले में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि 2 जून की शाम 7 बजे कारोबारी की बेटी मोहल्ले में रहने वाली अपनी सहेली के साथ बाजार से सम्मान खरीदने गई थी। तभी मोहल्ला लकड़ा इकरार में आरोपी ताहिर का भाई ताहिर, मुजफ्फर, जफर और कनिजा ने उसके साथ मारपीट की। मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाया। विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तभी, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हो भाग गए। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में ताहिर, मुजफ्फर, जफर और कनिजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मिलक में नहाल नदी के किनारे विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधारोपण






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर तहसील मिलक के ग्राम नवदिया पर नहाल नदी के किनारे जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। नहाल नदी जिसकी लम्बाई लगभग 51 किलोमीटर से अधिक थी, जिस पर अनेक व्यक्तियों द्वारा वर्षों से अवैध कब्जा कर रखा था। लेखपाल, तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारी द्वारा आपसी सामंजस्य से कब्जा मुक्त कराया गया और खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अपनी टीम के साथ मनरेगा से इसकी खुदाई का कार्य सकुशल सम्पन्न कराया। यह नहाल नदी जनपद रामपुर के 29 ग्रामों से होकर गुजरती है। इन ग्रामवासियों को इस नदी के जीर्णोद्वार होने से सिंचाई की सुविधा के साथ-साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

नदी के जीर्णोद्वार का कार्य माह फरवरी 2025 में प्रारम्भ हुआ था और माह मई 2025 में पूर्ण हुआ है। इसी प्रकार तहसील शाहबाद में भी आरिल नदी के जीर्णोद्वार का कार्य कराया जा रहा है, जिसे जल्द ही पूर्ण कराया जायेगा। इस नदी के जीर्णोद्वार होने से किसानों को सिंचाई की बेहतरीन सुविधा मिलेगी।

# ईद को लेकर सीओ ने चौकीदारों के साथ की बैठक, दिए निर्देश



**विशाल जोशी**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** कोतवाली में आगामी त्यौहार ईद उल अजहा को लेकर चौकीदारों की बैठक लेकर उनकी समस्याओं को चुना गया। इस बीच उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

शुक्रवार को कोतवाली परिसर में सीओ हर्षिता सिंह ने सभी चौकीदारों की बैठक लेकर उनकी समस्याओं को सुना। इस बीच आने वाले त्योहार ईद उल अजहा को देखते हुए उन्हें निर्देशित किया कि गांव में किसी भी प्रकार की कोई भी अफवाह आदि फैलती है तो उसकी तुरंत पुलिस को सूचना दें।

इसके साथ ही आपराधिक मामलों की जानकारी भी पुलिस को दी जाए। कहीं ऐसी स्थिति हो जहां विवाद जैसी स्थिति त्योहार पर बने, लिहाजा उसको लेकर निर्देशित किया गया कि तुरंत थाने में सूचना दें ताकि समय पर उसे पर कार्यवाही करके उसे घटना को रोका जा सके।

इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत, ढकिया चौकी इंचार्ज मनोज चौधरी,उपनिरीक्षक आदेश कुमार, उपनिरीक्षक दिलीप सिंह, उपनिरीक्षक राहुल कुमार सहित भारी तादाद में चौकीदार आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** खेत के लिए साइकिल से डीजल लेने जा रहे किसान की अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपला शिवनगर निवासी बृजलाल पुत्र लालमन उम्र लगभग 55 वर्ष साइकिल से डीजल लेने के लिए मिलक पेट्रोल पंप पर गए थे पेट्रोल पंप से डीजल लेकर साइकिल से खेत पर जा रहे थे जैसे ही बृजलाल साइकिल लेकर रोड पर पहुंचे तेज गति से आ रहे है किसी अज्ञात वाहन ने बृजलाल की साइकिल में टक्कर मार दी। जिसमें बृजलाल गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से बृजलाल को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए डॉक्टर ने बृजलाल को मृत घोषित कर दिया यह सूचना सुन परिजन रोने चिल्लाने लगे सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक बृजलाल के एक बेटी बेटा है मृतक बृजलाल के घर में कोहराम मचा हुआ है।

# त्योहारों के मद्देनजर जिलेभर में हुआ प्रशासन का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले में स्थानीय निकायों द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव अरुण प्रकाश ने सभी अधिशासी अधिकारियों के साथ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने ईद उल अजहा (बकरीद) तथा स्थानीय निकाय क्षेत्रों में नालों की सफाई के साथ-साथ योग दिवस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भी अधिशासी अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईद उल अजहा के दृष्टिगत स्थानीय निकायों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा निकायों में कंट्रोल रूम की व्यवस्था भी दुरुस्त रखी जाए। ईदगाह एवं मस्जिदों के आसपास साफ सफाई, एंटी लारवा, फॉगिंग सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो जाएं।



उन्होंने कहा कि निकायों द्वारा लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने एवं उसके स्थान पर कपड़े अथवा जूट के थैले का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाए। इसके साथ ही निरंतर अभियान चला कर लोगों को साफ सफाई एवं स्वच्छता को लेकर जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि योग दिवस के अवसर पर सार्वजनिक स्थलों और पार्कों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए तथा सभी निकायों द्वारा अपने क्षेत्र में योग दिवस पर योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योग शिविरों का भी आयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान स्थानीय निकायों में जल भराव की समस्या नहीं होनी चाहिए इसके लिए नालों की साफ सफाई में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। जहां साफ सफाई का कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है वहां प्रत्येक दशा में 10 जून 2025 तक पूर्ण करा लिया जाए। अपने स्थलीय निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष सचिव रामपुर शहर में ज्वाला नगर स्थित प्रधानमंत्री स्वनिधि गलियारा पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता वाले पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडरों को समायोजित करने की पहल का जायजा लिया।

इसके बाद विशेष सचिव नगर पंचायत शाहबाद पहुंचे, जहां उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कराए गए नालों की सफाई कार्य का जायजा लिया।

## एक नजर

### नहाल नदी के घाट पर गंगा दशहरा पर महा आरती का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** गंगा दशहरा के अवसर पर क्योरार स्थित पुर्नजीवित करायी गयी नहाल नदी के किनारे जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए माॅ गंगा मैया की आरती का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को नदी के किनारे एक घाट बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल, ग्राम प्रधान एवं उप जिलाधिकारी को नहाल नदी को कब्जा मुक्त रखने हेतु निर्देशित किया।

### अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने एसडीएम और तहसीलदार को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने अपने सहयोगियों के साथ तहसील शाहबाद में पहुंचकर हिमांशु उपाध्याय उपजिलाधिकारी और राकेश चन्द्रा तहसीलदार शाहबाद को शॉल ओढ़ाकर तथा रामचरित मानस भेंट कर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने बताया कि वर्तमान समय में तहसील शाहबाद में दोनों ही अधिकारी जनहित में बहुत ही बढ़िया कार्य कर रहे हैं। बीते दिनों ग्राम पटवाई में तालाब की भूमि पर एक मदरसा और एक बड़ा गेट बना हुआ था जिसको हमारी शिकायत पर ध्वस्त किया गया है। अभी कई मकान ध्वस्त होने शेष हैं वह भी अति शीघ्र ध्वस्त किए जाएंगे। साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग की भूमि में चौदह दुकानें बनी हुई थीं वह भी ध्वस्त की गई हैं। तहसील प्रशासन शाहबाद द्वारा निरंतर जनहित में कार्य किए जा रहे हैं जो कि प्रशंसनीय एवं सराहनीय हैं। ऐसे कार्य होने पर अधिकारियों को सम्मानित किया जाना भी आवश्यक होता है। इस मौके पर विशाल दुबे, देवेन्द्र गंगवार, अनमोल पाठक आदि मौजूद रहे।

### सैफनी में जमीनी विवाद में पुलिस ने दो लोगों किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र में रायपुर का मझरा धीमरो वाला गाँव में जमीन की पैमाइश के दौरान हुए विवाद में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर का मझरा धीमरो वाला में जमीन की पैमाइश के दौरान कुछ लोग आपस में झगड़ा कर रहे हैं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची और आमदा फसाद (झगड़े पर उतारू) हो रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों का चालान कर न्यायालय एसडीएम शाहबाद में पेश किया।

# व्यापार मंडल की मासिक बैठक हुई आहूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** शुक्रवार उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के मेन कार्यालय पर व्यापार मंडल की मासिक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी तथा व्यापारी गण मौजूद रहे। नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने व्यापारियों से बातचीत करते हुए कहा हमारे स्वार के सरकारी अस्पताल में सर्जन डॉक्टर की कमी है उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल स्वार बहुत समय से सर्जन डॉक्टर के लिए मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक सर्जन डॉक्टर की कमी पूरी नहीं हुई है जिसके कारण हमारी आम जनता बाहर प्राइवेट अस्पतालों में पथरी और हर्निया का औपरेशन कराने को मजबूर है। अगर हमारे सरकारी अस्पताल में सर्जन डॉक्टर की तैनाती हो जाती है तो हमारी गरीब जनता सरकारी अस्पताल में अपना ऑपरेशन करा कर अपने पैसों की बचत कर सकते हैं और आने वाली परेशानियों से बच सकते हैं कुछ लोग जिनके पास पैसे नहीं होते हैं वह भी मजबूरी को




कर्ज लेकर ऑपरेशन कराते हैं। तो यह सब परेशानी दूर हो जाएंगी। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल स्वार सी एम ओ महोदय रामपुर से निवेदन करता है की सरकारी अस्पताल में जल्द से जल्द सर्जन डॉक्टर की तैनाती की जाए जिससे गरीब जनता को अच्छा इलाज मिल सके अजीज मियां को व्यापार मंडल में प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया और इन्हीं के साथ कई सारे नए पदाधिकारीयों को भी सदस्यता कराई गई इन सभी को फूल मालायें पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री शिव ओतार सक्सेना उर्फ मन्नू भैया,उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर,गुड्डू हाफिज जी,अली रेहान अली, मुशर्रफ अली, अजीज मियां, मतलूब, फराज अहमद, समीर, रईस, शकील सलमानी, अब्दुल रशीद, आसिफ,रफीक, राशिद, कफील वेल्डिंग वाले, इब्ने हसन, नासिर, सरफराज, इरफान अली, सलमान अली, नबी हसन, इरफान अली, शाकिर अली आदि मौजूद रहे।

# निर्जला एकादशी पर राहगीरों को पिलाया शरबत



**( विशाल जोशी शाह टाइम्स संवाददाता )**

**शाहबाद/रामपुर।** वर्ष की सबसे बड़ी एकादशी निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर शुक्रवार को आंवला रोड स्थित श्री श्याम ट्रेडर्स पर शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि. के संगठन मंत्री विनोद गुप्ता के पिता कमलेश गुप्ता के साथ पंडित उमाकांत शर्मा जी के द्वारा आयोजन किया गया। शरबत वितरण कार्यक्रम दोपहर में शुरू हुआ। कार्यक्रम में सबील लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत वितरण किया गया। शरबत वितरण के दौरान मरीजों एवं एंबुलेंस चालकों ने ठंडा शरबत पिया। उधर मनोना धाम से आने जाने वाले श्रद्धालुओ की सेवा करने का सौभाग्य मिला। कार्यक्रम में पत्रकार एसोसिएशन रजि के अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खां, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, प्रवक्ता अखिलेश रस्तोगी, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, संयुक्त सचिव विशाल जोशी, सचिव शावेज छोटे, राजीव सक्सेना उर्फ राजू , कृष्ण राजपूत, शुभम अग्रवाल, शिवांश, कृष्णा, कान्हा वैश्य, अनायरा वैश्य, अरविंद जोगिंदर राजपूत, अनुज आदि शामिल रहे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर ,एक घायल

**( विशाल जोशी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को शाहबाद रिश्तेदारी में घूमने आ रहे पिता पुत्र को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी जिससे पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर।



जिला संभल के ग्राम अल्लापुर निवासी दीपक अपने 5 वर्षीय पुत्र दिव्यांश के साथ शाहबाद थाना क्षेत्र के किसी गांव की रिश्तेदारी में आ रहा था शाहाबाद थाना क्षेत्र के करेथी गांव के निकट किसी अज्ञात वाहन ने दीपक की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे पुत्र दिव्यांश गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। डॉक्टर ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया। पैर में फैक्चर होने की वजह से बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

## कार्रवाई: वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**( विशाल जोशी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** थाना क्षेत्र के चंदपुरा सलिस गांव में छापेमारी कर एक मामले में फरार चल रहे वारंटी को पुलिस अधिकारी ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए वारंटी चंदपुरा सालिस गांव निवासी मनोज है। उसे शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार,कांस्टेबल मोहम्मद उवैस आदि मौजूद रहे।



# पति ने भाई के साथ मिलकर की थी पत्नी की हत्या, दोनों गिरफ्तार

## दो बेटियों के भागने से था नाराज



**पीलीभीत।** वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रजनीश पुत्र सपन कुमार निवासी ग्राम पतरसिया थाना बरखेडा जिला पीलीभीत की तहरीर के आधार पर अखिलेश मिश्रा आदि दो अभियुक्तों को डूण्डा पुल से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अखिलेश कुमार मिश्रा उपरोक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं ट्रक ड्राईवर हूँ जिस कारण घर से अधिकतर बाहर ही रहता हूँ।

मेरे चार बच्चे है जिनमें दो लडकी व दो लडके है। मेरी पत्नी का चाल.चलन ठीक नहीं था उसने मेरी दोनों लड़की कहीं पर किसी के साथ भगा दी और मुझे भी नहीं बताया। जब मैं घर आया तो मुझे जानकारी हुई कि मेरी दोनो लड़की घर से भाग गयी हैं। जिस पर मैने अपनी पत्नी से पूछा कि उसने मुझे इस बारे में क्यों नही बताया तो वह मुझसे लड़ने लगी और कहा कि भाग गई तो भाग जाने दो। मेरी पत्नी ने मेरी लडकियों के जाने की सूचना ना ही मुझे दी और ना ही पुलिस में दी। मैंने भी लोक लाज व शर्म के कारण पुलिस में रिपोर्ट नहीं लिखाई थी। साहब मेरी पत्नी नन्ही देवी का चरित्र अच्छा नहीं था वह मेरी पीछे कई लोगों से फोन पर बात करती थी और लोगों को घर पर बुलाती थी। कभी कभी वह मुझे खाने में नींद की गोलियां मिलाकर दे देती थी और जब मैं बेहोश हो जाता था तो लोगो को घर पर बुलाती थी। मैं व मेरे परिवार वाले लोक लाज के कारण सब कुछ सहन करते रहे। मैंने व मेरे भाई अरविन्द उर्फ छोटे ने नन्ही देवी को बहुत समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानी। दिनांक 3 जून को मेरी पत्नी नन्ही देवी किसी के साथ भागने की फिराक में अपने मायके वालों के साथ जबरदस्ती अपने मायके जा रही थी तो मैं अपने भाई अरविन्द उर्फ छोटे के साथ भगौतीपुर वाले रास्ते पर लिवाने गया और हम दोनों ने उसे बहुत समझाया व मनाया लेकिन वह नहीं मानी और हमें गंदे गंदे अपशब्द कहने लगी जिस पर मैंने व मेरे भाई अरविन्द उर्फ छोटे ने गुस्से में आकर नन्ही देवी के एक एक हाथ पकड लिए और हम दोनों ने अपने हाथो मे लिए बांको से उसके सिर व शरीर पर वार कर नन्ही देवी की हत्या कर दी और वहाँ से भाग आये। भागते समय मैंने व मेरे भाई ने अपने अपने हाथो में लिए दोनो बांके जगदीश पुत्र चेतराम के ग्वार के खेत में छिपा दिये थे। अभियुक्तों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल बरामद किया गया

## मनरेगा हर्बल पार्क एवं ओपन जिम का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**पीलीभीत।** डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने आज विकासखण्ड ललौरीखेड़ा क्षेत्र के अन्तर्गत मीरापुर ग्राम पंचायत सियाबाडी पट्टी में पहुंचकर मनरेगा हर्बल पार्क एवं ओपन जिम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क में साफ सफाई व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान पार्क की साफ सफाई व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुये ग्राम प्रधान को पार्क की साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पार्क में आने वाले व्यक्ति के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा खराब सामानों को बदलवाने एवं मरम्मत कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप डीएम सदर, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नियम विरुद्ध दौड़ रहे वाहनों के एआरटीओ ने काटे चालान



**पीलीभीत।** एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गो पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें मार्ग से गुजर रहे वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान दो डंपर वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल का परिवहन करते पाए गए जिस पर एक डंपर के विरूद्ध सीज तथा एक डंपर के विरुद्ध चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई। एक बस जोकि जालंधर से बहराइच जा रही थी जिसके प्रपत्र चेक करने पर चालक के पास यात्रा हेतु आवश्यक परमिट नहीं मिला परमिट सदस्यों के उल्लंघन के अभियोग में उक्त बस के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। दो ईको वाहन जो कि निजी प्रयोग हेतु पंजीकृत थी का व्यवसायिक रूप से प्रयोग किया जा रहा थाए जिस पर उनके विरुद्ध सीज की कार्रवाई एवं दो अपंजीकृत ई रिक्शा वाहन के विरुद्ध सीज की कार्रवाई की गई। इस प्रकार 4 वाहनों को निरुद्ध एवं 3 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई। इस कार्यवाही से 1.54 लाख रुपये प्रशमन शुल्क की प्राप्ति हुई। एआरटीओ द्वारा वाहन चालकों को चेतावनी दी गई कि बिना पंजीयन ई रिक्शा का बिल्कुल संचालन ना करें एवं निजी प्रयोग हेतु दर्ज वाहनों का व्यवसायिक रूप से कदापि प्रयोग ना करें। ऐसा पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## चेयरमेंन पहलवान नारायण माहेश्वरी ने नगर पंचायत कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर दिया वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश



**जेवर।** पर्यावरण दिवस के मौके पर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में नगर चेयरमेंन पहलवान नारायण माहेश्वरी ने पौधारोपण कर संदेश देते हुए कहा कि जलवायु को स्वच्छ रखने के लिए पौधा लगाना आमजन मानस के जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है। वातावरण को साफ सुथरा बनाये रखने हेतु सभी को छायांदार एवं फलदार पौधा जरूर लगाना चाहिए। पर्यावरण दिवस के मौके पर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में चेयरमेंन पहलवान नारायण माहेश्वरी द्वारा कई प्रजातियों के पौधे लगाकर वातावरण को साफ एवं स्वच्छ रखने का संदेश देते हुए कहा कि पौधों से आमजन मानस को प्रदूषण रहित जलवायु प्राप्त होती है जो हम सबको सांस लेने में आने वाली दिक्कतों से बचाती है। उन्होंने पय्रावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण में जीव जन्तु पेड़ पौधे जल और वायु सभी शामिल हैं। उन्होंने आमजन मानस द्वारा गलत तरीके से किए जा रहे पर्यावरण के दोहन को जन–जीवन के लिए घातक बताते हुए कहा कि गलत तरीके से पर्यावरण का दोहन जन जीवन को काफी प्रभावित कर रहा है ग्लोबल वार्मिग और जलवायु परिवर्तन इसके मुख्य कारण हैं उन्होंने कहा कि आज हमारे द्वारा रोपे जा रहे पेड़ पौधे आने वाले समय में यह पौधे लोगों को छांया के साथ–साथ फल और ऑक्सीजन देंगे। इस मौके पर सभासद सुरेन्द्र सक्सैना दिनेश शर्मा उर्फ दिन्नू निर्माण लिपिक सुरेन्द्र रावत संजीव कुमार उमेश सैनी जाकिर अब्बासी कामरान अब्बासी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पानी में धोते समय ट्रैक्टर पानी में डूबा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** क्षेत्र के रझेड़ा पुल पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब बेरुआ गांव निवासी मारूफ हुसैन के बच्चे अपना ट्रैक्टर को धोने के लिए रझेड़ा पुल के पानी में ले गए जैसे ही वह ट्रैक्टर को धो रहे थे तभी अचानक पानी का तेज बहाव हो गया।

जिसके कारण पानी की चपेट में ट्रैक्टर गहरे पानी में बहता हुआ पहुंच गया और डूब गया काफी प्रयास करने के बाद ट्रैक्टर दिखाई नहीं दिया। तब जेसीबी को मंगा कर बड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को नदी से बाहर निकाल और लोगों ने राहत की सांस ली। प्रशासन से ग्रामीणों ने रपटा पुल की मरमत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है बरसात के मौसम में कई बार हादसे हो चुके हैं कुछ लोगों की पानी में डूबने से मौत भी हो चुकी है। सरकार को इस और ध्यान देना चाहिए।

## पर्यावरण दिवस पर वृंदावन में लोगों को पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वृंदावन।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में एक सारगर्भित संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिषद ने ब्रज क्षेत्र में पारंपरिक वृक्षों के संरक्षण एवं पुनरोपण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षु बालक–बालिकाओं द्वारा पर्यावरण विषयक गीत की संगीतमय प्रस्तुति से हुआ, जिसका निर्देशन गीता शोध संस्थान के निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना ने किया। प्रस्तुति में पर्यावरण की रक्षा हेतु जागरूकता का भावपूर्ण आह्वान किया गया। मुख्य वक्ता परिषद के पर्यावरण सलाहकार मुकेश शर्मा ने कहा कि परिषद ने ब्रज के कृष्ण–युगीन वन स्थलों एवं प्राचीन कुंडों का पुनरुद्धार प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने बताया कि इन स्थलों से विदेशी प्रजातियों, जैसे विलायती बबूल को हटाकर पारंपरिक वृक्षों जैसे कदम के पौधों का रोपण करके हरियाली से आच्छादित किया जा रहा है।

## ईद उल अजहा की पूर्व संध्या पर एसडीएम और सीओ ने निकाला पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मसवासी/रामपुर।** ईद उल अजहा के मौके पर स्वार एसडीएम और क्षेत्राधिकारी ने पैदल मार्च निकाल. कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। शनिवार को ईद उल अजहा है। शुक्रवार की पूर्व संध्या पर क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे स्वार एसडीएम अमन देओल चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला उप निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा सहित पुलिस वल ने कस्बे में पैदल मार्च निकाला और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की सीओ ने कहा कि कुर्बानी के पशुओं के अवशेष सार्वजनिक स्थान पर न फेंके और दूसरे धर्म की आस्था का ख्याल रखें। कुर्बानी के पशुओं का खून सार्वजनिक तरीके से नालियों में न बहाए जिससे दूसरे धर्म की भावना को ठेस न पहुंचे अधिकारियों का पैदल मार्च नगर के सदर बाजार काशीपुर मार्ग चाउपुरा भूबरा होते हुए नगर के सर्व हितक. ारी इंटर कॉलेज से सीधा पुलिस चौकी पहुंचकर समाप्त हो गया।

## आर्य समाज के नवनियुक्त प्रधान का किया अभिनंदन

**कोसीकलां।** नगर की प्रमुख सनातनी संस्था आर्य समाज कोसीकलां के नवनियुक्त प्रधान डॉक्टर प्रकाश आर्य का शहर की सामाजिक संस्थाओं ने अभिनंदन किया। नगर की सामाजिक सस्था के पदाधिकारियों ने आर्य समाज के प्रधान डॉक्टर प्रकाश आर्य के आवास पर पड़च यज्ञ प्रचारिणी सभा के संस्थापक आचार्य विवेक उपाध्याय एवं ब्रज प्रभात सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त प्रधान को चित्रपट, अंगवस्त्र एवं श्रीरामचरित मानस की प्रति भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल गोयल, संस्था के अध्यक्ष योगेश धानो. तिया, महामंत्री राजपाल शर्मा, प्रबंधक कन्हैयालाल आदि रहे।

# सरकार वृंदावन के विकास को लेकर चिंतित है: अवनीश अवस्थी




**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने टीएफसी वृंदावन में बैठक करने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि वृंदावन व ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार बहुत चिंतित है। यहां पर श्रद्धालुओं को कैसे सुविधाएं मिले। यूपी में तीर्थों का विकास सरकार ने कराया है। अब सरकार चाहती है कि वृंदावन और ब्रज का विकास हो। उन्होंने कहा कि सबको साथ लेकर, सब के सुझावों पर यहां का विकास कराया जाए। इस पर प्रथम चरण की बैठक यहां हुई है। सरकार की मंशा ऐसी नहीं है किसी का अहित हो। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि स्थानीय लोगों व प्रभावितों के हितों का ध्यान रखा जाए। शुक्रवार को वृंदावन स्थित पर्यटक सुविधा केंद में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि आज की बैठक सकारात्मक हुई। सबसे पहले वृंदावन में बांके बिहारी जी के दर्शनों के बाद उन्होंने मंदिर के गोस्वामियों से वार्ता की उन्होंने उनको लिखित सुझाव दिए हैं। इस पर वे मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव को अवगत करायेंगे। उन सभी बिंद. ुओं पर शासन स्तर पर विकास होगा। सर्वमान्य हल बांके बिहारी कॉरिडोर का निकाला जाएगा। ताकि इस क्षेत्र का विकास हो सके और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की संख्या हर वर्ष वृंदावन में बढ़ती जा रही है। इसे देखते हुए यहां कॉरिडोर बनना आवश्यक है। उनके साथ मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह, नगर आयुक्त जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार , अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज वर्मा, एसपी सिटी राजीव कुमार रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मंदिर के सेवायत गोस्वामियों, प्रबुद्धजनों, व्यापारियों, दुकानदारों, स्थानीय निवासियों ने योगीजी के सलाहकार को अपनी आपत्तियां दर्ज कराई। इस दौरान डिस प्ले

## निर्जला एकादशी का व्रत रखकर की भगवान विष्णु की पूजा



**कोसीकलां।** ज्येष्ठ शुक्ल निर्जला एकादशी पर श्रद्धालु विशेषकर महिलाओं ने भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की धार्मिक विधि–विधान से पूजा की तथा फलों व पंखे का दान किया। इस दौरान नगर से लेकर देहात तक जगह–जगह छबील लगाकर मीठे शरबत का वितरण किया गया। साल भर की 24 एकाद. शियों में सर्वाधिक महत्व ज्येष्ठ माह की निर्जला एकादशी का माना गया है।

इसमें व्रती भीषण गर्मी के मौसम में निराहार के साथ निर्जल रहकर साधना करते हैं। व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा करने से आध्यात्मिक उन्नति, सुख–शांति, समृद्धि व अच्छे स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है तथा जीवन में किसी प्रकार का अभाव नहीं रहता है। महिला रूचि गोयल, करिशमा सिंघल ने बताया कि भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की पूजा करने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और दान करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

# चौकी इंचार्ज पर अपराधियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रचने का आरोप

- सरधना में पत्रकार के पेट में घोपे थे 22 बार चाकू, एडीजी ने दिलाई थी सुरक्षा
- फिर हो रही रेकी, अपराधियों को बचाने के लिए बदनाम हुई खाकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार अपराधियों की कमर तोड़ने और प्रदेश में कानून का राज्य स्थापित करने के लिए बेखौफ होकर काम कर रहे हैं। साथ ही साथ अपराधियों के खिलाफ बड़ी से बड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग को भी बड़ी छूट दे रखी है लेकिन इस छूट का फायदा उठाकर कई ऐसे पुलिसकर्मी हैं जो खुली लूट करने से भी बाज नहीं आ रह है। सरधना में खाकी को बदनाम करने वाला एक मामला सामने आया है जिसमें सरधना के एक पत्रकार ने बस स्टेण्ड चौकी इंचार्ज राहुल पर अपराधियों के साथ मिलकर उसकी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पत्रकार ने इसकी शिकायत स्थानीय थानाध्यक्ष, सीओ सहित मुख्यमंत्री से की है।

आपको बता दें कि 16 सितंबर वर्ष 2022 को एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार कस्बा सरधना निवासी यासीन पर जानलेवा हमला हुआ था जिसमें पत्रकार के पेट में अपराधियों ने लगभग 22 बार चाकू से वार किया था और उन्हें मरा हुआ समझकर भाग गए थे लेकिन मेरठ में दयानंद अस्पताल के अंदर चले ऑपरेशन के बाद पत्रकार यासीन की जान बच गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पत्रकार की तहरीर पर इमरान, उमर, इमरान पुत्र अय्यूब व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। अधिक दबाव पड़ने के कारण पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा लेकिन उसके बावजूद भी आरोपी के साथी पत्रकार को जान से मारने की धमकी देते रहे। इसके बाद मेरठ जोन के एडीजी राजीव सभरवाल ने पीड़ित को सुरक्षा मुहैया कराई और तभी से एक सुरक्षाकर्मी पीड़ित के साथ है। आरोपी कोर्ट से जमानत मिलने के बाद वह बीते कुछ दिन से कुछ अज्ञात लोगों के साथ पत्रकार की रेकी करने लगा। पत्रकार यासीन ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि बीते सप्ताह आरोपी उमर अपने कई साथियों के साथ उसके कार्यालय के पास आया और कार्यालय के सामने खड़े होकर उसे घूरने लगा और इशारे से धमकी देने लगा। यह सब नजारा यासीन के सुरक्षाकर्मी संजय सिंह ने देखा। उसने यासीन से इसके बारे में पूछा तो हमलावर उमर वहां से भाग गया। इसकी शिकायत खुद यासीन ने सरधना थानाध्यक्ष से की और सुरक्षाकर्मी हेडकास्टेबल संजय सिंह से भी तस्दीक कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने अपने सूत्रों से मालूम किया जिसके बाद पुलिस ने चार के खिलाफ एनसीआर दर्ज की और सीओ ने आरोपियों की 107/16 की कार्यवाही करने के लिए चौकी इंचार्ज से कहा लेकिन आरोपियों की धर पकड़ नहीं हो सकी। मामले की जांच सरधना की बस स्टेण्ड चौकी इंचार्ज राहुल को मिली।

# मेरठ में पहली बार लोकप्रिय अस्पताल में माइक्रोस्कोप से की गई बाईपास सर्जरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** लोकप्रिय अस्पताल में पिछले 03 वर्षों से लगभग 750 से अधिक सफल बाईपास सर्जरी की जा चुकी है। डॉ. अंकुर अग्रवाल (सीटीवीएस सर्जन) तथा डॉ. जगद. ीश जयनंदा (कार्डियक एनेस्थेटिक) द्वारा मेरठ में पहली बार माइक्रोस्कोप पद्धति द्वारा छोटे चीरे से हार्ट सर्जरी (एमआईसीएस) की गई। 57 वर्षीय मरीज अमरनाथ पिछले एक साल से छाती में दर्द की शिकायत से परेशान थे। उनकी एंजियोग्राफी की जांच में हार्ट की मेन नस में 100 प्रतिशत ब्लॉकेज पाया गया। ब्लॉकेज इतनी ज्यादा थी कि एंजियोप्लास्टी या छल्ला (स्टेंट) डालने की सम्भावना भी नहीं थी। मरीज लोकप्रिय अस्पताल मेरठ में प्रमुख हार्ट सर्जन डॉ. अंकुर अग्रवाल से मिले और उन्हें छोटे चीरे से हार्ट सर्जरी (एमआईसीएस) करने को सलाह दी। इसके बाद मरीज अमरनाथ का सफल बाईपास ऑपरेशन हुआ और उनकी छुट्टी कर दी गयी। जहां बाईपास सर्जरी में छाती की हड्डी काट कर पूरी छाती खोल कर ऑपरेशन किया जाता है और मरीज को पूरी तरह ठीक होने में तीन महीने लगते हैं, वहीं मरीज अमरनाथ को एमआईसीएस बाईपास के बाद तीन ही दिन में छुट्टी कर दी गयी और वह एक सप्ताह में अपने काम पर जाने में समर्थ होंगे। आपको बता दें कि एमआईसीएस बाईपास में कोई हड्डी नहीं कटती जिसके चलते मरीज को दर्द बहुत कम होता है और रिकवरी भी जल्दी होती है। एमआईसीएस एवं अन्य सभी हार्ट सर्जरी ऑपरेशन लो. कप्रिय अस्पताल मेरठ में उपलब्ध है। सफल ऑपरेशन पर लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ. रोहित रविन्द्र ने पूरी टीम को बधाई दी।

### सूचना

मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट अनुक्रमांक सं. 0625423 व इण्टरमीडिएट की मार्कशीट अनुक्रमांक सं. 0434490 में मेरी माता का नाम राबिया रिजवी RABIYA RIZVI व पिता का नाम अफजाल AFZAL अंकित है जो कि गलत है। मेरी माता का सही नाम राबिया RABIYA व पिता का सही नाम अफजाल अहमद AFZALAHMAD है जो कि उनके आधार आदि दस्तावेजों में भी अंकित है। –फैसल रिजवी पुत्र श्री अफजाल अहमद निवासी ग्राम मीठेपुर, थाना इंचौली, जिला मेरठ।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# छात्रा का सिर कटा शव मिला

## पुलिस को शकः प्रेम-प्रसंग में परिवार के लोगों ने की है हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनपद में दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। परतापुर में कक्षा 12 की छात्रा की सिर कटी लाश मिली है। दरअसल, बहादरपुर गांव के रजवाहे में गुरुवार को सिर कटी लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी।



मृतका की सलवार की जेब में मिले कागज पर मोबाइल नंबर लिखा था। यह उसके दोस्त का था। एक किशोर ने शव की पहचान दौराला के दादरी गांव निवासी आस्था उर्फ तनिष्का (17) के रूप में की गई हैं। पुलिस ने छात्रा की मां, भाई, दो मामा व ममेरे भाई को हत्या करने के शक में हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक छात्रा का एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसके विरोध में परिजनों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस युवती का सिर बरामद करने का प्रयास कर रही है। हत्या किसने, क्यों और कहां की, पुलिस इसकी जांच कर रही है। दादरी निवासी रमेश कुमार की बेटी आस्था बुधवार से लापता थी। रमेश सीआरपीएफ में जवान हैं और उनकी पोस्टिंग छत्तीसगढ़ में है। परिवार के लोगों ने आस्था के लापता होने की जानकारी पुलिस को नहीं दी। गुरुवार सुबह उसकी सिर कटी लाश रजवाहे में मिली तो लोगों की भीड़ जुट गई।

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने शहीद जवान की पत्नी को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहीद सैनिकों के 13 आश्रितों जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालयों में अलग-अलग जनपदों में कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति प्रदान की है शुक्रवार को ब्रिगेडियर अतुल कुमार, निदेशक सैनिक कल्याण के द्वारा ऑनलाईन वेबीनार के माध्यम से कैप्टन राकेश शुक्ला, ने माला पत्नी शहीद सिपाही नितिन कुमार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। सिपाही नितिन कुमार पूर्वी सिक्किम में ऑपरेशन स्नो लेपर्ड में ड्यूटी करते समय प्राकृतिक आपदा के दौरान ग्लेशियर झील के फटने के दौरान चार अक्टूबर 2023 को शहीद हो गये थे।

# अधिग्रहण होने वाली भूमि का सर्किल रेट न बढ़ाना, भूस्वामियों के अधिकारों का हनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास प्राधिकरण की इंटीग्रेटेड न्यू टाउनशिप योजना के अंतर्गत आने वाले गांव में प्रस्तावित सर्किल रेट सूची में कायस्थ गांवडी, मोहिउद्दीनपुर, इकला व छज्जुपुर में भी वृद्धि किए जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव भाटी व सामाजिक कार्यकर्ता सुदीप जैन ने प्रभावित किसानो के साथ मंडलायुक्त मेरठ से उनके कार्यालय पर मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



जिला प्रशासन ने प्रस्तावित सार्किल रेट 2025-26 में उन-उन गांव में वृद्धि नहीं की जहां जहां मेरठ विकास प्राधिकरण या आवास विकास को अपनी योजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण करना है। जिला अध्यक्ष कांग्रेस गौरव भाटी ने कहा कि भू स्वामियों को उचित मुआवजा दिलाने के जननायक राहुल गांधी के प्रयासों से तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा किसान हित में अधिनियम लाया गया था। परंतु किसान और भू स्वामी विरोधी भाजपा सरकार अधिनियम की धज्जिया उड़ाकर किसानों का शोषण कर रही है। सामाजिक कार्यकर्ता सुदीप जैन ने कहा कि अधिनियम में बाजारी मूल्य को आधार मानकर मुआवजा की धनराशि गणना करने का नियम है। और मेरठ का बाजारी मूल्य किस कदर बढ़ रहा है वो प्राधिकरण की योजनाओं में चार गुना तक की दर से नीलामी स्वयं बयां कर रही है। और यहां बाजारी मूल्य को दरकिनार करते हुए सर्किल रेट से गणना की जा रही है और उसमें बढ़ोतरी न करना भू स्वामियों के साथ बहुत बड़ा छल है और उनके अधिकारों का हनन है। सुदीप जैन ने कहा कि साफतौर पर अधिनियम का उल्लंघन है क्योंकि अधिनियम में भूमि अधिग्रहण से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा वहां के प्रचलित दर के अनुसार भूमि दर में अद्यतन की बात कही गयी है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर डाक्टरों ने लगाए 100 से अधिक पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भीषण गर्मी से धरती को राहत पहुंचाने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर फोगसी मास ट्री प्लांटेशन ड्राइव के तहत मेरठ में अच्छी पहल करते हुए 100 से अधिक पौधों का रोपण मेरठ फोगसी के द्वारा नीलकमल अस्पताल के प्रांगण से प्रारंभ करके जगह-जगह किया गया। प्रदूषण से स्त्री रोगों व सांस संबंधित रोगों के अधिक होने का खतरा हो जाता है, ऐसे में फोगसी मेरठ द्वारा यह एक उत्तम प्रयास है। इस ट्री प्लांटेशन ड्राइव को फोगसी प्रेसिडेंट डॉ. सुनीता तन्दुलवादकर, सेक्रेटरी डॉ. सुवर्णा खादिलकर, वाईस प्रेसिडेंट डॉ. वर्षा बस्ते और चेयरपर्सन डॉ. बृजबाला तिवारी द्वारा सम्पूर्ण भारत में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मेरठ फोगसी पैट्रन डॉ. उषा शर्मा, प्रेसिडेंट डॉ. भारती महेश्वरी, सेक्रेटरी डॉ. प्रियंका गर्ग, डॉ. अंजू रस्तोगी, डॉ. रचना चौधरी, जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. ईशा खनूजा, डॉ. मधुलिका आदि का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।



# बहसूमा में छबील लगाकर पिलाया शरबत

## भूखे को रोटी व प्यासे को पानी देने से भगवान होते हैं खुश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के मुख्य मार्ग एवं बटावली मार्ग पर बढ़ती गर्मी को देखते हुए समाजसेवियों ने छबील लगाकर रहागिरों को ठंडा शुद्ध शरबत पिलाया। जिसमें राहगीरों ने शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस अवसर पर समाजसेवी डाक्टर पवन गोयल ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर में बटावली मार्ग पर स्थित बढ़ती गर्मी को देखते हुए ठंडा शुद्ध शरबत पिलाया।

जिसमें रहागिरो ने शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। वहीं दूसरी और मेरठ पौड़ी मार्ग पर समाजसेवी सुमित चहल के नेतृत्व में छबील लगाकर ठंडा शरबत पिलाया। इस अवसर पर सुमित चहल ने बताया कि प्यासे को पानी पिलाना, भूखे को खाना खिलाना और निर्धन असहाय लोगों को कपड़े देना सबसे बड़े सवाब का काम है। इससे इंद्र देवता खुश होते हैं, और खुश होकर रिमझिम वर्षा भी कर देते हैं। मानव सेवा करना सबसे बड़ा धर्म होता है। हर मनुष्य को ऐसी सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर अमन गोयल, मोहन उपाध्याय, इमरान सैफी, फैसल, जीशान, मंजूर, आर्यन, सिद्धार्थ, नीरज, राजकुमार शर्मा, अजय कुमार, अमरीश, विनित, मास्टर बंटी, संदीप चौधरी, पवन लाम्बा, विकास लाम्बा, दीपक, राहुल, प्रियांशु, परविंदर, सोनिया आदि का सहयोग रहा।



# फर्जी मुकदमें में फंसाकर अनुचित लाभ मांगने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** चार पिता-पुत्रों को साजिशन झूठे मुकदमे में फंसाकर अनुचित लाभ लेने के मामले में महिला समेत पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि दो आरोपी अभी फरार हैं। इंस्पेक्टर बृजेश पांडेय ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि एसआई सन्सरपाल ने किठौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अमीरजहां पत्नी अब्दुल जब्बार निवासी कमालपुर मेडिकल, इनामुलहक पुत्र अख्तर निवासी बोहड़पुर मवाना, सलमान पुत्र जाकिर निवासी कायस्थ बड्ढा किठौर, नोफिल पुत्र मकबूल निवासी लोहियानगर, उदय पुत्र राजीव निवासी मुबारिकपुर तिगई खतौली मुजफ्फरनगर, महताब पुत्र नामालूम और कर्नल पुत्र नामालूम द्वारा साजिश के तहत अमीरजहां से एक फर्जी मुकदमा जुबैर अहमद पुत्र जैनुद्दीन निवासी कमालपुर थाना मेडिकल और उसके बेटों फैसल, अब्दुल्ला और मुहम्मद अहमद के विरुद्ध दर्ज कराया गया। जिसमें उदय प्रताप आदि ने अमीर जहां पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से गोली चलाई। जिसमें अमीरजहां बाल-बाल बच गई। बताया कि उक्त फर्जी मुकदमें के दबाव में षड्यंत्रकारी जुबैर और उसके बेटों से अनुचित लाभ की मांग कर रहे थे। जिस पर पुलिस ने उदय, सलमान, नोफिल, अमीरजहां और इनामुलहक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि महताब और कर्नल अभी फरार हैं। बताया कि सलमान और नोफिल पर तीन-तीन व पकड़े गए अन्य आरोपियों पर एक-एक मुकदमा दर्ज है।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान ने पिलाया ठंडा जल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को निर्जला एकादशी पर दौराला चौराहे पर ठंडा मीठा जल पिलाया गया। दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, मनोज अहलावत, रवि पूनिया, संगम अहलावत, राजेंद्र सिंह, प्रशांत अहलावत साथ रहे। मनिंदर विहान ने बताया कि खुश रहने के लिए मन की संतुष्टि जरूरी है।

# प्रेमिका को घर में देख भड़की पत्नी

## थाने पहुंचकर पति व प्रेमिका पर लगाए गंभीर आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में पति अपनी पत्नी की गैर मौजूदगी में प्रेमिका को घर ले आया और प्रेमिका को घर बुलाकर उसके साथ गुलछर्रे उड़ा रहा था पत्नी ने दोनों को रंगो हाथ पकड़ा, हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद थाना पहुंचकर पत्नी ने दोनों के खिलाफ तहरीर दी है।



गुरुवार रात को अचानक पत्नी अपने घर पहुंच गई पत्नी ने प्रेमिका को अपने घर में पकड़ लिया। इस दौरान आरोपी पति और उसकी प्रेमिका ने पत्नी से मारपीट कर दी। प्रेमिका ने महिला को दौड़ा-दौड़ा कर पीट दिया। किसी तरह पीड़ित महिला अपनी जान बचाकर थाने पहुंची और पुलिस को मामले की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर पुलिस ने आरोपी पति और उसकी प्रेमिका की तलाश की लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले दोनों फरार हो चुके थे। थाना बहसूमा क्षेत्र के रामराज की रहने वाली पिंकी की शादी थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के पदमपुरा के रहने वाले राजकुमार के साथ 18 साल पहले हुई थी। महिला के पति राजकुमार के कई सालों से मनीष नाम की महिला से अवैध संबंध चल रहे है। बृहस्पतिवार को महिला पिंकी अपने पति को घर पर अकेला छोड़कर अपनी बहन से मिलने चली गई थी। देर रात जब पिंकी अपने घर पहुंची तो घर में उसका पति अपनी प्रेमिका के साथ गुलछर्रे उड़ा रहा था।

पिंकी ने दोनों को पकड़ दिया जिसके बाद वहां हाई वोल्टेज ड्रामा हो गया आरोप है कि इस दौरान आरोपित पति और उसकी प्रेमिका ने पिंकी की हत्या का प्रयास कर दिया किसी तरह की आरोपियों के चंगुल से छुटी और दौड़ती हुई थाने पहुंची उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले पति और उसकी प्रेमिका फरार हो चुके थे। फिलहाल महिला ने दोनों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कुराली गांव में भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को जानी थाना क्षेत्र ग्राम कुराली में सिंह कुटी मंदिर में दशहरे के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में दुर दुर से आये संत गण व सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर सभी भक्तो ने गुरुजी का आशीर्वाद व प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें मुख्य अतिथि आश्रम के मेहनत प्रहलाद दास जी महाराज एवं अन्य संत गण रामकिशन शर्मा, मांगेराम शर्मा, संतोष दीवान जी, मास्टर धर्मपाल, भुमेश शर्मा, भूतपूर्व दुश्यंत प्रधान, प्रदीप चौहान आदि भक्तो ने प्रसाद ग्रहण कर गुरु जी का आशीर्वाद लिया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इस भंडारे में बड़े-बड़े संत आते हैं और पहुंचकर भंडारे की शोभा बढ़ाते हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि राशन कार्ड का शत-प्रतिशत डिजीटलाईजेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। राशन कार्ड का सत्यापन करने वाले अधिकारियो के संबंध में जानकारी देते हुये उन्होंने बताया कि राशन का वितरण ई-पॉस मशीन द्वारा कराया जा रहा है जिससे घटतौली में कमी आई है। उन्होंने अंत्योदय कार्डधारको की संख्या, मार्जिन मनी, दुकान अवस्थापना, मॉडल शॉप आदि के संबंध में डीएम को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस अवसर पर सीडीओ सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार मौजूद रहे।

# ट्रक ने कैंटर में मारी टक्कर दोनों वाहन क्षतिग्रस्त, हादसा टला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के सतीश होटल के सामने एक लकड़ी से भरे ट्रक ने स्क्रैप से भरे कैंटर में अनियंत्रित होकर पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। हादसे में नीम का पेड़ ही टूट गया और खंबे पर लगे सीसीटीवी फुटेज तथा बिजली के तार टूट गये। बताते चले कि नगर के समीप स्थित सतीश होटल के सामने एक लकड़ी से भरे ट्रक ने स्टेरिंग फेल हो जाने के कारण ट्रक को स्क्रैप से भरी कैंटर में जोरदार टक्कर मार दी जोरदार टक्कर लगने से सामने खड़ा नीम पेड़ टूटकर नीचे गिर गया। तथा होटल पर लगे सीसीटीवी फुटेज एवं बिजली के तार टूट कर नीचे गिर गए। लेकिन चालक बाल बाल बच गए कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ बाद में दूसरे ट्रक लगाकर ट्रक वाले ने लकड़ी भरवाई तथा कैंटर का स्क्रैप दूसरी गाड़ी में भरवारा। किसी भी पक्ष ने थाने पर कोई तहरीर नहीं दी थी।

# कार्डियोलॉजी ओपीडी सेवाएं हुई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मैक्स मेड सेंटर, मेरठ में विशेष कार्डियोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। यह ओपीडी सेवाएं कार्डियोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. आनंद पांडे और कार्डियोलॉजी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. सजल गुप्ता की उपस्थिति में शुरू की गई। दोनों विशेषज्ञ हर महीने के पहले और तीसरे शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मरीजों को परामर्श देंगे। लॉन्च के अवसर पर डॉ. आनंद पांडे ने कहा, इन ओपीडी सेवाओं के माध्यम से हमारा उद्देश्य हृदय रोगों की शीघ्र पहचान के महत्व को उजागर करना है, जो इलाज के परिणामों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रारंभिक लक्षणों को लोग अक्सर तब तक नजरअंदाज करते हैं जब तक वे गंभीर परेशानी में न बदल जाएं। कोरोनरी आर्टरी डिजीज सीएडी के प्रारंभिक संकेतों में सीने में दर्द आदि है।



# सपा नेता मुखिया गुर्जर समेत पांच पर कब्रिस्तान की जमीन कब्जाने का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के किठौर तिराहे पर कब्रिस्तान की जमीन के विवाद में मुस्लिम पक्ष ने एक व्यक्ति के नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है वहीं दूसरे पक्ष ने इसे एक तरफा कार्रवाई बताया है।

नगर के किठौर तिराहे पर एक कीमती जमीन को लेकर जमीन मालिक व कब्रिस्तान की जमीन पर विवाद बना हुआ है उक्त जमीन खसरा नंबर 1464 जिसका रकबा 1620 मीटर रामकुमार व नागेंद्र के नाम था जिसमें नागेंद्र ने अपना हिस्सा 810 मी. मुखिया गुर्जर को बेच दिया था जबकि खसरा नंबर 1468 में 510 मीटर में कब्रिस्तान दर्ज है। मुखिया गुर्जर अपनी जमीन को बेचना चाहता है। इसके लिए उसने राजस्व टीम से जमीन की पैमाइश की मांग की थी। मुस्लिम समाज ने भी एसडीएम से जमीन की पैमाइश की मांग की थी। वहीं पांच दिन पूर्व तहसील से टीम ने आकर जमीन की पैमाइश भी की थी।

मुखिया गुर्जर ने उक्त जमीन का मिट्टी से भराव करते हुए कब्जा करना चाह रहा था इसे लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध किया। अब इस मामले में मुस्लिम पक्ष के इरशाद ने मुखिया गुर्जर व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

# बाबा साहब के नाम पर बनी धर्मशाला में प्रधान बना रहा है दुकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गांव मवी थाना दौराला में बाबा साहेब के नाम पर बनी धर्मशाला में गांव के प्रधान किरण पाल अवैध रुप से दुकान बनवा रहा था। गांव वालों ने विरोध किया तो ग्राम प्रधान किरण पाल ने तानाशाही दिखाते हुए ग्रामीणों को धमकाया और कहा कि दुकान यही बनेगी। इस प्रकरण की जानकारी जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र सूद को लगी तो वह डीएम से मिले और प्रधान पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान महानगर अध्यक्ष गौतम भैय्या, जिला महासचिव शैलेन्द्र सिंह, जिला कोर कमेटी सदस्य अचल कुमार आदि उपस्थित रहे।



# नगर पंचायत कर्मचारी नहीं मना पाएंगे ईद

## आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का नहीं मिला छह महीने से रुका हुआ वेतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** नगर पंचायत लावड़ में वर्षो से कार्यरत आउटसोर्सिंग दस कर्मचारियों पर शुक्रवार उस वक्त मायूसी छा गई। जब छह माह से रुका वेतन उन्हें नही मिला। वेतन मिलने की आस में आउटसोर्सिंग कर्मचारी अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार के पास कार्यालय पहुंचे और उन्होंने ईद होने का हवाला देते हुए अपने छह माह के वेतन के भुगतान करने की मांग रखी। तभी अधिशासी अधिकारी ने पिछले छह माह से रुके वेतन को देने से इंकार कर दिया। जिसे सुनकर सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारी मायूसी हो गए।

कर्मचारियों ने गुहार लगाते हुए कहा कि सहाब कल ईद का त्योहार है हमारे छोटे छोटे बच्चे है और हम कर्जदार भी हो चुके हैं हम ईद का त्यौहार भी नहीं मना पाएंगे। कर्मचारियों ने बताया कि इसके बाद भी ईओ ने साफ मना कर दिया। आपको बता दें कि कुछ माह पूर्व चेयरपर्सन ने कर्मचारियों का सत्यापन किया था और जो कर्मचारी सत्यापन पर नही आ सके उनका वेतन रोक दिया गया था। जिसके बाद ईओ व चेयर पर्सन में आपसी मतभेद के चलते कर्मचारियों का पुनः सत्यापन नही हो सका। जिस पर कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों व अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस उ.प्र. संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चावरिया से शियाकत की थी। जिस पर पुनः कर्मचारियों का सत्यापन किया गया ओर संगठन व अधिकारियों को लिखित आश्वासन ईओ व चेयर पर्सन लावड़ के द्वारा दिया गया। जिसमें कुछ सभासद भी मौजूद रहे। लेकिन अभी भी ईओ वेतन देने से इंकार कर रहे हैं जबकि चेयर पर्सन ने आउटसोर्सिंग एंजेसी व ईओ को वेतन देने के लिए आदेशित किया हुआ है और चेयर पर्सन द्वारा सभी कर्मचारियों को पूर्व में लगभग बीस बीस हजार रुपए उधार दे भी दिये थे। इस पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चावरिया ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को वेतन न दिया जाना बहुत ही दुखद है और यह दर्शाता है अधिशासी अधिकारी लावड़ निरंकुश व कर्मचारी विरोधी मानसिकता के अधिकारी हैं जो कर्मचारीयों का खुला शोषण कर रहे हैं। जिनकी बराबर शिकायत मिल रही है कि वह जातिगत भेद भाव रखते हुए सफाई कर्मचारियों को भी जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित करते हैं। शीघ्र ही इनकी शिकायत उच्चाधिकारियों, आयोगों व सरकार से की जायेगी। इस अवसर पर नदीम, अरशद, बिलाल, रिजवान, राशिद, शोएब, मनोज, गोपाल, गोरव, अर्जुन आदि आउटसोर्सिंग कर्मचारी मौजूद रहे।

वहीं अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि बीते सप्ताह चेयर पर्सन द्वारा कर्मचारियों का सत्यापन किया गया है कर्मचारी डयूटी पर है इसलिए एक माह होते ही उनका वेतन दे दिया जाएगा। त्यौहार का हवाला देकर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। मैने आज तक कभी भी किसी को अपशब्द नहीं बोले हैं ये आरोप निराधार हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**मनोज कुमार**

# चोरों ने 60 हजार के तीन बकरों पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरी में एक व्यक्ति के ईद से एक दिन पूर्व तीन बकरे चोरी हो गए पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्राम खजूरी निवासी अब्दुल कलाम उर्फ भूरे ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि एक सप्ताह पूर्व ही 60हजार रुपए में तीन बकरे खरीद कर लाया था जिनकी ईद पर कुर्बानी होनी थी गुरुवार रात अज्ञात चोर बकरों को दीवार फांदकर चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह देखा तो बकरे गायब थे। पीड़ित ने कंट्रोल रूम को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरो को चेक किया जिसमें कुछ युवक बकरों को ले जा रहे थे पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने सतत् संसाधन प्रबंध अभियान थीम पर की पर्यावरण माह की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 'सतत् संसाधन प्रबंध अभियान' थीम पर आधारित पर्यावरण माह 2025 की शुरुआत की है। यह पहल टोयोटा पर्यावरण चुनौती 2050 के व्यापक लक्ष्यों और 'टोयोटा ग्लोबल विजन 2050' को साकार करने के लिए जागरूकता बढ़ाने की वैश्विक थीम के अनुरूप है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कार्यकारी उपाध्यक्ष और निदेशक (विनिर्माण) बी पद्मनाभ ने कहा, इस अभियान का उद्देश्य कंपनी और इसकी मूल्य श्रृंखला में स्थिरता की संस्कृति को मजबूत करना है। इस वर्ष के फोकस का एक प्रमुख तत्व 'जीरो-बेस थिंकिंग' को अपनाना है। यह एक ऐसी रणनीति है जिसमें सभी संसाधनों का जमीनी स्तर से पुनर्मूल्यांकन करना और केवल उन्हीं को बनाए रखना शामिल है जो वास्तविक मूल्य में योगदान करते हैं। इस तरह, दीर्घकालिक स्थायी दक्षता को बढ़ावा मिलता है जो रिफ्यूज, रीसाइकिल सर्कुलरइकनॉमी, रीयूज और रिडयूस (4आर) के माध्यम से पूरा होता है।




# बारूद के ढेर पर दुनिया

निसंदेह इस समय दुनिया बारूद के ढेर पर बैठी है। रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन वर्ष से अधिक हो गए हैं, तो वहीं इजरायल और हमास संघर्ष भी अब दूसरे वर्ष की ओर बढ़ रहा है। लाखों लोग इससे बुरी तरह प्रभावित हो चुके हैं। युद्ध को रोकने की तमाम कोशिशें नाकाम होती दिखाई दे रही हैं। सच्चाई यही है कि युद्ध को रोकने लिए कोई गंभीर प्रयास होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। बड़ी ताकतें युद्ध को रोकने के लिए कितनी गंभीर हैं, यह बुधवार को हुए सुरक्षा परिषद में इजरायल-हमास के बीच संघर्ष विराम को लेकर लाए गए प्रस्ताव को लेकर अमेरिका के वीटो से पता चल जाता है। इस प्रस्ताव का 14 सदस्यों ने समर्थन किया था। एक अमेरिकी ही था जिसने इस प्रस्ताव का न सिर्फ विरोध किया बल्कि अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल किया। इस प्रस्ताव को दस गैर स्थायी सदस्यों ने पेश किया था जिसमें पाक भी शामिल है और जो अमेरिका ने कारण बताया वह भी हास्यास्पद ही कहा जाएगा। संयुक्त राष्ट्र में कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत डोरोथी शिया ने इस पूरी प्रक्रिया पर कहा कि हम ऐसे किसी भी उपाय का समर्थन नहीं करेंगे जो हमास की निंदा करने में विफल हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव जमीनी हकीकत को दर्शाने वाले युद्ध विराम तक पहुंचने के कूटनीतिक प्रस्ताव को कमजोर करेगा और हमास को बढ़ावा देगा। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने ट्विटर अकाउंट पर अमेरिका और डोनाल्ड ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया और कहा कि दुनिया को दिखा दिया गया कि अमेरिका व इजरायल के बीच में कोई फर्क नहीं है और यह हमास के आतंकवादियों को नष्ट करने का एकमात्र तरीका है। जाहिर है जब बड़ी ताकतों का यह रवैया रहेगा, तो फिर युद्ध किस तरह रुकेंगे और जो लोगों के जानमाल की तबाही हो रही है उस पर कोई रोक नहीं लगेगी। इन दोनों युद्ध ने यह भी बता दिया है कि दुनिया की बड़ी ताकतों को किसी की तबाही व मरने-जीने से कोई फर्क नहीं पड़ता। वह हर हाल में युद्ध को हवा देना चाहते हैं, जिससे हथियारों का कारोबार फल-फूल सके। मतलब वह आपदा में पूरा अवसर देख रहे हैं और हथियार लॉबी मोटा मुनाफा कमा रही है। कोई भी समझ सकता है कि ऐसे में अगर भारत पाक के बीच छोटे स्तर पर सैन्य संघर्ष अगर बड़ा रूप ले लेता तो स्थिति कितनी भयावह हो सकती थी। इस संघर्ष में भारत ने जहां पाक को पूरी तरह सबक सिखाया, वहीं युद्ध को फैलने से भी रोका। जैसाकि कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा भी कि भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह आतंकवाद को भी नहीं सहेगा। भारत ने दोनों काम किए। पाक को उसकी औकात बताई और अपनी कूटनीति के जरिये युद्ध को व्यापक स्तर पर फैलने भी नहीं दिया, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह सबकुछ पाक पर निर्भर है। भारत ने साफ कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अस्थाई रूप से रोका गया, यदि पाक किसी तरह की हिमाकत करता है तो भारत फिर से कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

## मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है



एक तरफ गांधी की सोच है, तो दूसरी तरफ सावरकर और गोडसे की सोच, ये लड़ाई आज की नहीं, हजारों साल पुरानी है, संविधान में जो बातें लिखी गई हैं, वह बुद्ध के विचारों से निकली हैं,यही सोच है, जिसे आरएसएस खत्म करना चाहता है, इसलिए डरने की जरूरत नहीं है, हमें मिलकर संविधान और सच्चाई की रक्षा करनी है और बिहारियों के बिना संविधान को बचाया नहीं जा सकता, मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है, मैं आरएसएस से लड़ता हूं और यह बात गहराई से कह रहा हूं कि जैसे ही थोड़ा दबाव पड़ता है, ये लोग तुरंत चिट्ठी लिखने लगते हैं ट्रम्प ने 11 बार कहा कि उन्होंने मोदी जी से सरेंडर करवा लिया, मोदी जी इसका खंडन भी नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि वो सच्चाई है।

**-राहुल गांधी**
**नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती






**योगेश कुमार गोयल**

खाद्य सुरक्षा को एक मानवाधिकार माना गया है, जिसके तहत सभी को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का उपभोग करने का अधिकार है। इसी के साथ खाद्य जनित बीमारियों के बोझ को कम करके खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना भी अनिवार्य माना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दूषित खानपान के कारण 200 से अधिक बीमारियां होती हैं और दुनियाभर में प्रतिवर्ष 10 में से 1 व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार पड़ता है।प्रतिवर्ष वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी अथवा रासायनिक पदार्थों से दूषित भोजन खाने से करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं और लाखों लोग विभिन्न खाद्य जनित बीमारियों के शिकार होकर मर जाते हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन के कारण गरीबी से ग्रस्त तबके में बीमारियां होने का खतरा ज्यादा होता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की स्थापना की गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह दिन सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सुरक्षित भोजन तक पहुंच की कमी, गरीबी और संघर्ष शामिल हैं। इस दिवस की स्थापना का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करना था। यह वैश्विक दिवस यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि मनुष्यों द्वारा खाया जाने वाला भोजन सुरक्षित है। लोगों के लिए यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि कौनसे खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं क्योंकि हमारा भोजन ही सुरक्षित नहीं होगा तो हमारा स्वास्थ्य कैसे अच्छा रहेगा? संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसम्बर 2018 को 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित करने और सुरक्षित भोजन के बहुत सारे लाभों पर प्रकाश डालने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की दो एजेंसियों खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 7 जून को खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा। 7 जून 2019 पहला खाद्य सुरक्षा दिवस खाद्य सुरक्षा, सभी का व्यवसाय विषय के साथ मनाया गया था। 3 अगस्त 2020 को विश्व स्वास्थ्य सभा ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों और दुनिया में आवश्यक कार्रवाइयों के बारे में एक प्रस्ताव पारित किया और हर साल 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित कर दिया गया। प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ मनाए जाने वाले इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य वैश्विक, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर खाद्य जनित बीमारियों को रोकना तथा खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना है। 2021 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस स्वस्थ कल के लिए आज सुरक्षित भोजन विषय के साथ, 2022 में सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य, 2023 में खाद्य मानक जीवन बचाते हैं और 2024 में खाद्य सुरक्षा-अप्रत्याशित के लिए तैयार रहें विषय के साथ मनाया गया था। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 का विषय है खाद्य सुरक्षारू क्रियाशील विज्ञान। यह विषय सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वैज्ञानिक साक्ष्य खाद्य सुरक्षा में प्रगति को आगे बढ़ाते हैं, विशेषज्ञ सलाह से लेकर निगरानी और वैश्विक सहयोग तक। यह विषय वैज्ञानिक ज्ञान को व्यवहार में लाने के महत्व को भी रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर देता है कि भोजन तभी सुरक्षित हो सकता है, जब मार्गदर्शन और सलाह को अमल में लाया जाए। असुरक्षित भोजन कई निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के विकास को भी बाधित करता है, जिससे श्रमिकों की विकलांगता, बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता में करीब 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर की हानि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक खाद्य सुरक्षा को जलवायु संकट भी प्रभावित करता है और बढ़ता तापमान सुरक्षित खाद्य उत्पादन के लिए बड़ा खतरा बन रहा है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि खाद्य सुरक्षा घटनाओं का प्रबंधन करने के लिए तैयार रहने के लिए नीति निर्माताओं, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, किसानों और खाद्य व्यवसाय संचालकों के समर्पित प्रयासों की आवश्यकता है और उपभोक्ता भी इसमें सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। खाद्य सुरक्षा का अर्थ है खाद्य पदार्थों में सुरक्षित, स्वीकार्य स्तर के खतरों का अभाव, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि खाद्य सुरक्षा हमारे समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए सबसे महत्वपूर्ण है तथा सुरक्षित भोजन का सेवन अच्छे स्वास्थ्य की सबसे महत्वपूर्ण गारंटी है। हमारे शरीर को सेहतमंद बनाए रखने में खानपान का रोल सबसे अहम होता है लेकिन लोगों की खानपान की बदलती आदतों और जरूरतों को देखते हुए अब बहुत सारी चीजों को बनाने और उगाने का तरीका भी बदल चुका है, जिनमें अब तरह-तरह के रसायन भी मिलाए जा रहे हैं। ऐसे में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्एक व्यक्ति को पौष्टिक और संतुलित भोजन प्रदान करना है, साथ ही खानपान से होने वाले खतरों को रोकना, मिलावटी चीजों का पता लगाना और इनके बारे में लोगों को जागरूक कर उन्हें सेहत के प्रति जागरूक बनाना है। असुरक्षित खाद्य पदार्थ विभिन्न बीमारियों का कारण बनते हैं और अन्य खराब स्वास्थ्य स्थितियों में योगदान करते हैं, जिसमें बिगड़ा हुआ विकास, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी, संक्रामक अथवा गैर-संक्रामक रोग और मानसिक बीमारियां शामिल हैं। वैसे खाद्य जनित खतरे रासायनिक अथवा भौतिक प्रकृति के हो सकते हैं और प्राय: साधारण आंखों से दिखाई नहीं देते। दरअसल हमारे भोजन को उगाने, संसाधित करने, संग्रहीत करने, वितरित करने और तैयार करने के लिए कई लोग मिलकर काम करते हैं और इस प्रक्रिया में कई ऐसे चरण होते हैं, जहां हमारा भोजन असुरक्षित हो सकता है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की शुरुआत का उद्देश्य यही रहा कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारा भोजन खाने के लिए सुरक्षित है। इसीलिए जब खेत में भोजन उगाया जाता है, तब से लेकर जब तक यह हमारी थाली तक पहुंचता है, हमें पूरी तरह सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि दूषित भोजन के सेवन से खाद्य जनित बीमारियां होने की संभावना बहुत बढ़ जाती हैं, लेकिन चूंकि भोजन को हम तक पहुंचाने में कई लोग शामिल होते हैं, इसलिए इसे सुरक्षित रखना हमेशा इतना आसान नहीं होता। इसीलिए डब्ल्यूएचओ, एफएओ और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) जैसे संगठन हमारे भोजन को सुरक्षित रखने के लिए कुछ नियम बनाते हैं। बहरहाल, विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस न केवल अच्छे और स्वच्छ भोजन की आदतों की वकालत करता है बल्कि उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा के बारे में शिक्षित करने और उन्हें खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए सावधानी बरतने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर प्रदान करता है। यह दिवस हमें भोजन को हम तक पहुंचाने में इस्तेमाल किए जाने वाले सुरक्षा उपायों पर अतिरिक्त ध्यान देने के लिए प्रेरित करता है, जिसका अर्थ है सभी के लिए बेहतर और स्वस्थ भोजन। दुनियाभर में जितने ज्यादा से ज्यादा लोग खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरूक होंगे, तभी हम अपने भोजन को सुरक्षित रखने के लिए बेहतर कदम उठा सकेंगे और खराब खाने से पनपने वाले खतरे को पहचान और समझ सकेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मिसाइल डिफेंस रडार से बंद होंगी पाक की गीदड़ भभकियां

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों और तकनीक की ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन में भारत ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए अपने स्वयं के मिसाइल सिस्टम, रडार और एंटी-ड्रोन हथियारों का इस्तेमाल किया। याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अब पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों या ब्लैकमेल को महत्व नहीं देगा।**



**अक्षत श्रोत्री**

भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देने वाले एक बड़े विकास में, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन DRDO ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है जो दुश्मन की परमाणु मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, भारत ने स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस BMD प्रणाली विकसित की है। ऐसे में ना सिर्फ पाकिस्तान की बलैकमेलिंग बंद होगी बल्कि भारत दुनिया में विश्व गुरु बनने की और अग्रसर होगा। यह नई तकनीक मिसाइलों को जमीन पर पहुंचने से पहले ही बेअसर कर देगी, चाहे वे बाहर हों या वायुमंडल के भीतर। अगर किसी परमाणु मिसाइल को समय रहते रोक दिया जाए, तो इससे विकिरण या परमाणु विस्फोट का खतरा खत्म हो जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों और तकनीक की ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन में भारत ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए अपने स्वयं के मिसाइल सिस्टम, रडार और एंटी-ड्रोन हथियारों का इस्तेमाल किया। याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अब पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों या ब्लैकमेल को महत्व नहीं देगा। बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम एक बहुस्तरीय रक्षा तंत्र है जिसमें दो मुख्य घटक होते हैं। पहला स्तर पृथ्वी एयर डिफेंस PAD है। यह मिसाइल 50-80 किलोमीटर की ऊंचाई पर दुश्मन की मिसाइलों को नष्ट कर सकती है। दूसरा उन्नत वायु रक्षा AAD है। यह मिसाइल 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर दुश्मन की मिसाइलों को रोककर नष्ट कर सकती है।



उन्नत रक्षा क्षमता: बीएमडी प्रणाली भारत की रक्षा स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करती है। निवारण- यह दुश्मन को हमला करने से पहले दो बार सोचने पर मजबूर करता है। राष्ट्रीय सुरक्षा- बीएमडी प्रणाली देश की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को बढ़ाती है। लक्ष्य का पता लगाना- रडार और अन्य सेंसर दुश्मन की आने वाली मिसाइलों का पता लगाते हैं। लक्ष्य ट्रैकिंग और जानकारी- मिशन कंट्रोल सेंटर लक्ष्य की जानकारी प्राप्त करता है और इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च करने के लिए तैयार होता है। इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च-इंटरसेप्टर मिसाइल को लक्ष्य की ओर लॉन्च किया जाता है। लक्ष्य विनाश- इंटरसेप्टर मिसाइल आने वाले खतरे को बेअसर कर देती है। देश की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस BMD प्रणाली के तहत स्वदेशी रूप से विकसित इंटरसेप्टर मिसाइल AD-1, 3,000 से 5,000 किलोमीटर की रेंज वाली दुश्मन की मिसाइलों को उनके टर्मिनल चरण (अंतिम चरण) में भी नष्ट करने में सक्षम है। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि यदि कोई बैलिस्टिक मिसाइल भारत की ओर बढ़ रही है, तो AD-1 उसे वायुमंडल में ही बेअसर कर सकता है -इससे पहले कि वह जमीन को छू सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नए चेहरे



**ललित गर्ग**

सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बंटोरने के लिए जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाए, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नए संकेत दे रही है, क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नए किरदार में नजर आए हैं। थरूर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई। विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल



रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं, लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं, क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था-मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा-जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं। 4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं यह सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और 'जी हुजूर' करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी। आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो दुष्प्रचार ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो कीचड़ स्नान कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं। बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गए अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि हहमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं। उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ए अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि कृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# परमाणु हमला अब नामुमकिन, भारत की मिसाइल ढाल तैयार

**■ दुश्मन के मंसूबों को नाकाम करेगा बीएमडी सिस्टम, स्वदेशी तकनीक का कमाल**

**नई दिल्ली।** भारत की रक्षा ताकत अब और भी मजबूत हो गई है। डीआरडीओने अब ऐसी तकनीक बनाई है, जिससे दुश्मन की न्यूक्लियर मिसाइलों को हवा में ही नष्ट किया जा सकता है।

डिफेंस सूत्रों के मुताबिक भारत ने स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) प्रणाली तैयार की है। यह तकनीक मिसाइलों को धरती तक पहुंचने से पहले ही खत्म कर सकती है चाहे वो वायुमंडल के बाहर हों या अंदर। अगर न्यूक्लियर मिसाइल को पहले ही मार गिराया जाए तो उससे रेडिएशन या परमाणु धमाके का खतरा नहीं रहता। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने अपने बनाए हथियारों और तकनीक की ताकत दिखाई। इस ऑपरेशन में भारत ने अपने ही बनाए मिसाइल सिस्टम, रडार, और ड्रोन-विरोधी हथियारों का इस्तेमाल किया और दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन अटैक को विफल कर दिया। भारत कई मौकों पर कह चुका है कि वह अब पाकिस्तान के परमाणु हमले की धमकी के ब्लैकमेल को तवज्जो नहीं देगा क्योंकि डीआरडीओने इस तरह के हमलों से निपटने की व्यवस्था कर दी है।





